* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 178

तीन ऐसी योजनाओं का चयन करें, जिसका एक साल में जनता को मिले लाभ : हेमंत सोरेन



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला में सुप्रीम कोर्ट से राहत

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नयी चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा कि हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। इधर, सुप्रीम कोर्ट से टीचरों को राहत दिए जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बर्खास्त शिक्षकों का कार्यकाल बढ़ाने के आदेश से वह खुश हैं। शिक्षकों से अनुरोध है कि वे चिंता न करें, समस्या का समाधान हो जायेगा।

### आप नेता दुर्गेश पाठक के घर सीबीआइ का छापा

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर गुरुवार को सीबीआइ ने छापेमारी की है। सीबीआइ अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर हो रही है। सीबीआइ ने बुधवार को आप के खिलाफ फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया। एफआइआर के मुताबिक विदेशों में रहनेवाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 बार में पार्टी को कुल 1.02 करोड़ रुपये का डोनेशन दिया। कई डोनर्स ने एक ही पासपोर्ट नंबर का इस्तेमाल किया, जिससे फर्जीवाड़े का संदेह है।

# वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया अंतरिम आदेश

- नियुक्तियां रोकीं, केंद्र से सात दिन में मांगा जवाब
- पांच मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई



**सुप्रीम कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में पांच प्वॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ पांच मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनायें। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। सरकार ने कोर्ट से जवाब देने के लिए समय की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार के जवाब तक स्थास्थिति बरकरार रहेगी। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिकता के खिलाफ 72 याचिकाओं से संबंधित सुनवाई सीजेआइ संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष हुई।

**वक्फ परिषद और बोर्ड में फिलहाल कोई नियुक्ति नहीं होगी :** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल के इस बयान को रिकॉर्ड में लिया कि केंद्र सात दिनों के भीतर जवाब देगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई की तारीख तक, वक्फ, जिसमें पहले से पंजीकृत या अधिसूचना के माध्यम से घोषित वक्फ-बाय-यूजर शामिल है, को न तो डीनोटिफाई किया जायेगा और न ही कलेक्टर को बदला जायेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र को सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करना चाहिए।

**अगली सुनवाई 5 मई को होगी:** सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं। अगली सुनवाई 5 मई को अपराह्न 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जायें। उन्हीं पर सुनवाई होगी, तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे।

## उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जतायी नाराजगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जतायी, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24-7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है।**



राज्य के सरकारी कर्मियों को मुख्यमंत्री ने दिया तोहफा

# सैलरी अकाउंट के साथ दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा मुफ्त में होगा

- मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वित्त विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच राज्य कर्मियों के सैलरी पैकेज को लेकर हुआ एमओयू
- सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक नये अध्याय की शुरुआत : हेमंत सोरेन



**विपरीत और जटिल परिस्थितियों में दे रहे आर्थिक सुरक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा ने कहा कि आज हर व्यक्ति अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है। चाहे वह आर्थिक सुरक्षा का मामला हो या फिर स्वास्थ्य या जीवन सुरक्षा का। हमारी सरकार अपने सभी सरकारी कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर दूरदर्शी सोच और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार को आपकी चिंता है, उसी प्रकार अब झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में एसबीआइ जैसी संस्थाएं सहयोग के लिए आगे आ रही हैं।

**राज्य के विकास में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में सरकारी कर्मियों की अहम भूमिका होती है। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसके लिए नीति निर्धारण से लेकर कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम सरकारी कर्मचारी बनते हैं। ऐसे में सरकारी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ, उन्हें कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण दिया जा है। सरकारी कर्मचारी भी राज्य हित में अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में गुरुवार को वित्त विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के सैलेरी पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू पर वित्त विभाग की विशेष सचिव राजेश्वरी बी और भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, एसबीआइ के मुख्य महाप्रबंधक (झारखंड -बिहार) केबी बंगारराजू तथा महाप्रबंधक प्रभाष बोस मौजूद थे। एमओयू के तहत जिन सरकारी कर्मचारियों का सैलरी अकाउंट भारतीय स्टेट बैंक में होगा, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा और कई अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध:** मुख्यमंत्री ने एमओयू हस्ताक्षर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकारी कर्मियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में आज से एक नये अध्याय की शुरुआत हो रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के कर्मियों को दुर्घटना बीमा का कवर प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिल कर यह कदम उठाया गया है। दुर्घटना बीमा के माध्यम से उन्हें सेवा काल के दौरान दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके अलावा कई और व्यवस्थाएं हमारी सरकार ने शुरू की है, जिसके जरिए सरकारी कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।

बंगाल हिंसा से पलायन

# झारखंड आनेवाले लोगों को भाजपा पहुंचायेगी सहायता

- जिला कमेटियों को सौंपी गयी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा ने पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में भड़की हिंसा के कारण मुर्शिदाबाद सहित अन्य जिलों से पलायन कर झारखंड आ रहे हिंदुओं को सहायता पहुंचाने का निर्णय लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर पश्चिम बंगाल से सटे झारखंड के जिलों के भाजपा कार्यकर्ताओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा के अनुसार जिला कमेटियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

प्रदीप सिन्हा ने कहा कि बंगाल में जिस तरह से हिंसा हो रही है, वह दुखद स्थिति है। लोग घर बार छोड़ कर बिहार और झारखंड में शरण ले रहे हैं। मंदिर में किसी तरह से लोग रह रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह स्थिति पहली बार नहीं है, बल्कि पंचायत चुनाव के दौरान भी ममता बनर्जी की सरकार ने कुछ ऐसी ही स्थिति पैदा की थी। भाजपा समर्थकों को पीटा गया था। इस बार तो स्थिति और भी भयावह है। सरकार के इशारे पर हिंदुओं के घर जलाये गये हैं। उनकी निर्मम हत्या की जा रही है। बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ित हिंदू परिवारों को सहायता पहुंचायी जा रही है। यहां तक कि भाजपा की अपील पर ही हाइकोर्ट से केंद्रीय सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश जारी हुआ है।

# बिहार: महागठबंधन की कोर्डिनेशन कमेटी का नेतृत्व करेंगे तेजस्वी

- विधानसभा चुनाव से पहले पटना में महागठबंधन की बैठक

**कोऑर्डिनेशन कमेटी में होंगे 13 सदस्य**



**कृष्णा अल्लावरु ने बताया कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली महागठबंधन की कोर्डिनेशन कमेटी में 13 सदस्य होंगे। इसमें हर पार्टी से दो-दो सदस्यों को शामिल किया जायेगा। यह कमेटी ही बिहार चुनाव को लेकर गठबंधन में सभी तरह के फैसले लेगी। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन की बैठक में सभी घटक दलों के नेताओं ने बिहार के मुद्दों पर बात की। इसमें महिला, युवा, बुजुर्गों, पलायन, गरीबी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। बिहार में कानून व्यवस्था खराब है। पुलिस की पिटाई हो रही है, महिलाओं से बर्बरता हो रही है। बिहार में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में इस साल होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले पटना में महागठबंधन की बैठक हुई। चुनाव को लेकर बिहार महागठबंधन में शामिल दलों की यह पहली बैठक थी। इस बैठक में कांग्रेस, राजद, सीपीआइ, सीपीएम, सीपीआइ माले और वीआइपी पार्टी ने हिस्सा लिया। राजद कार्यालय में महागठबंधन की बैठक अपराह्न 2.15 बजे शुरू हुई। बैठक की शुरुआत में वाम दल सीपीआइ और सीपीएम के नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके बाद बाकी दलों के नेताओं ने अपना पक्ष रखा। सबसे अंत में तेजस्वी यादव बोले।

**तेजस्वी को मिली बड़ी जिम्मेदारी:** बैठक में सभी दलों ने आपसी सहमति से एक कोर्डिनेशन कमेटी बनायी है। कोर्डिनेशन कमेटी में सभी दलों के नेता रहेंगे। तेजस्वी यादव इस कमेटी का नेतृत्व करेंगे। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने साझा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। महागठबंधन की बैठक खत्म होने के बाद सभी नेता साझा प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान तेजस्वी यादव के साथ बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम लैंड स्कैम में वाड्रा से चार घंटे पूछताछ

- मैं यदि भाजपा में जाता हूं, तो सारी कार्रवाई खत्म हो जायेगी : रॉबर्ट वाड्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन चार घंटे पूछताछ की। वाड्रा से तीन दिनों में करीब 15 घंटे तक पूछताछ हुई। इडी ऑफिस से बाहर निकलने के बाद वाड्रा ने कहा कि मैं निडर हूं, खुद बता रहा हूं। मैं यदि भाजपा में जाता हूं, तो सारी कार्रवाई खत्म हो जायेगी। इनके वॉश रूम में साफ हो जाता है सब कुछ। मैं 2019 में भी इसी मामले में इडी के सवालों के जवाब दे चुका हूं। करीब 15 बार जा चुका हूं, 10-10 घंटे मैंने सवालों के जवाब दिये हैं। वही सवाल इस बार भी पूछे जा रहे हैं। कोई नये सवाल हैं नहीं। हर चीज साफ है, सारे जवाब दिये जा रहे हैं। अगर कल सार्वजनिक छुट्टी नहीं होती, तो शुक्रवार को मैं अपना जन्मदिन इडी के ऑफिस में ही सेलिब्रेट कर रहा होता। भगवान का शुक्र है, गुड फ्राइडे है, तो मैं अपना जन्मदिन परिवार के साथ सेलिब्रेट करूंगा।

# इएसआइसी अस्पताल केवल भवन नहीं, बल्कि एक मंदिर : मनसुख मांडविया

- केंद्रीय मंत्री ने रांची में 220 बिस्तरों वाले नवविकसित इएसआइसी के अस्पताल का उद्घाटन किया
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद प्रदीप वर्मा और विधायक राजेश कच्छप मौजूद थे



**संजय सेठ और प्रदीप वर्मा ने सभी को दी शुभकामनाएं**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सांसद प्रदीप वर्मा ने इस अस्पताल के उद्घाटन पर सभी को शुभकामनाएं दी। गरीबों, कमजोर वर्ग के लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने की सलाह दी। सेठ ने कहा कि जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज यहां खुले, ताकि क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं में और सुविधा और बेहतरी आये। अस्पताल में सामान्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, स्त्री रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग (आंख) और दंत चिकित्सा जैसे आवश्यक विभागों के साथ-साथ विभिन्न सहायक सेवाएं भी उपलब्ध हैं। यह बाह्य रोगी (ओपीडी) और आंतरिक रोगी (आईपीडी) दोनों तरह की स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करता है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने गुरुवार को रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नवविकसित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) के अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में इएसआइ योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ-साथ सांसद प्रदीप वर्मा, विधायक राजेश कच्छप और इएसआइसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ मांडविया ने इएसआइ के लाभार्थियों को सम्मानित किया। उन्हें नगद लाभ प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किये और इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ मांडविया ने कहा कि आज का दिन रांची के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आनेवाले दिनों में इस अस्पताल से तीन लाख से अधिक श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

मांडविया ने कहा कि यह अस्पताल केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे श्रमिकों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। कोविड महामारी के बाद किये गये सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही 60 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक मंदिर है। यहां कार्यरत सभी चिकित्सक और कर्मचारी पुजारी के समान हैं। जो भी मरीज यहां आते हैं, वे हमारे लिए भगवान के समान हैं। हम उनकी पूरी सेवा श्रद्धा और समर्पण के साथ करेंगे।

# सीएम हेमंत सोरेन आज स्वीडन-स्पेन जायेंगे

- औद्योगिक निवेश पर चर्चा करेंगे
- टीम उद्यमियों को झारखंड में निवेश के लाभ बतायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन टीम के साथ शुक्रवार को विदेश दौरे पर रवाना होंगे। टीम 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी। सीएम को यात्रा के लिए पॉलिटिकल क्लीयरेंस मिल गया है। उद्योग विभाग के अफसरों ने कहा कि दोनों देशों के उद्यमियों को झारखंड में औद्योगिक निवेश के लिए आमंत्रित किया जायेगा। झारखंड में कई तरह खनिज भंडार हैं। जमशेदपुर में वाहन उद्योग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इवी, पवन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जायेगा। साथ ही राज्य में निवेश को आकर्षित करना, हरित ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट से जुड़ी संभावनाओं की तलाश करना, दोनों देशों के इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर से सीखना शामिल है। उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, रिटायर आइएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआइआइडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल और सीएम के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# बंगाल हिंसा पर केंद्र की चुप्पी पर हिंदू उठा रहे सवाल

## ■ मणिपुर के बाद अब पश्चिम बंगाल पर भी चौतरफा घिर रही मोदी सरकार

## ■ कह रहा बहुसंख्यक समाज, जब भाजपा के कोर वोटर ही सुरक्षित नहीं, तब किस पर करें भरोसा

## ■ पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहे हैं पीड़ित, लेकिन केंद्र की तरफ से हलचल नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

पश्चिम बंगाल हिंसा की आग में झुलस रहा है। राज्य के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन, हिंसा और हिंदुओं के पलायन के बीच अब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्ववाली केंद्र की एनडीए सरकार की चुप्पी पर सवाल उठने लगे हैं। पश्चिम बंगाल पर केंद्र सरकार की निष्क्रियता से देश भर के बहुसंख्यक समाज का भरोसा हिलने लगा है। लोग अब कहने लगे हैं कि केंद्र सरकार यदि पश्चिम बंगाल के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती है, तो फिर देश के दूसरे हिस्सों में वह इसका दावा कैसे कर सकती है। इस तरह पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा और तनाव का साइड इफेक्ट भी दिखने लगा है और इसमें नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा, क्योंकि मणिपुर के बाद पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार की चुप्पी से उसके कोर वोटर निराश होने लगे हैं। क्योंकि वे अब असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा ने उनका भरोसा डगमगाया है। बंगाल में चुनाव के दौरान और बाद में भी उन्होंने भाजपा की चुप्पी का हर्जाना भरा है। कई तो जान देकर भी। उनकी निराशा काफी हद तक वाजिब भी है, क्योंकि यदि केंद्र सरकार ने पिछले एक हफ्ते में कुछ रटे-रटाये बयान जारी करने के अलावा कोई कदम उठाया होता, तो वहां के हिंदुओं में भरोसा जगता। एक तरफ प्रदेश भाजपा के नेता इस हिंसा के कारण पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ केंद्र के स्तर पर कहीं कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है। राज्य के भाजपा नेता किसी एक्शन के लिए केंद्र की तरफ टकटकी लगाये हुए हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद बंधानेवाला भी कोई नहीं है। हद तो तब हो जाती है जब बंगाल की हिंदू महिलाएं कह रही हैं कि उनकी इज्जत सुरक्षित नहीं है। उनका कहना है कि मुस्लिम कट्टरपंथी उनसे कह रहे हैं कि हमें अपनी इज्जत दो, तब तुम्हारे परिवार वालों को सुरक्षित छोड़ेंगे। वहां की जनता कह रही है अब बस। बंगाल अब बांग्लादेश बन चुका है। लेकिन फिर भी केंद्र सरकार चुप्पी साधे हुई है। जाहिर है कि इस चुप्पी का दूरगामी असर होगा। क्या है पश्चिम बंगाल हिंसा का सियासी साइड इफेक्ट, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर जो हिंसा फैली है, वह मात्र विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और राज्य प्रायोजित है। मुर्शिदाबाद, मालदा, हुगली और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में हिंदू समुदाय के घरों पर हमले, आगजनी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं सामने आयी हैं। इन घटनाओं के बाद सैकड़ों हिंदू परिवारों को अपना घर छोड़ कर पलायन करना पड़ा है, जो कि राज्य सरकार की निष्क्रियता और हिंदू विरोधी रवैये को उजागर करता है। हिंसक झड़पों के बाद से सैकड़ों हिंदू सुती, समसेरगंज, जंगीपुर, धुलियान, फरक्का और अन्य इलाकों से विस्थापित होकर पड़ोसी जिलों में शरण लिये हुए हैं। जो लोग हिंसा के बाद अपने-अपने घरों को छोड़ कर बाहर नहीं जा सके हैं, उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्थिति कितनी खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हिंसा के दौरान कई घरों को लूटा गया और तोड़फोड़ की गयी। यही नहीं, पीने के पानी के स्रोत, जैसे तालाब और कुएं में जहर डाल दिया गया है।

### पीएफआइ और सिमी का है हिंसा से कनेक्शन

अब तक की सूचना के अनुसार 11 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के गोलीबारी हुई और पुलिस जान के डर से छिप गयी। राज्य में 50 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हिंदुओं की आबादी कम है। ऐसी स्थिति में वहां के हिंदू कह रहे हैं कि वोट के समय समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसलिए उन इलाकों में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए और चुनाव करवाने के लिए सेना को उतार दिया जाना चाहिए। वास्तव में पीएफआइ और सिमी के आतंकवादी यहां हिंसा फैलाने में लगे हैं।

### ममता के बगावती स्वर और केंद्र की चुप्पी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में वक्फ संशोधन कानून को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं करने की घोषणा की। उन्होंने मुस्लिम अल्पसंख्यकों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा की बात की, लेकिन हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों पर एक शब्द तक नहीं कहा। इससे यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री सुनियोजित ढंग से न केवल हिंसा को समर्थन दे रही हैं, बल्कि मुस्लिम समुदाय को हिंदुओं पर हमला करने के लिए चुपचाप तरीके से बढ़ावा दे रही हैं। ममता के इस रवैये से वैसे तो बहुसंख्यक हिंदुओं को आश्चर्य नहीं हो रहा है, बल्कि उन्हें केंद्र सरकार की चुप्पी पर गहरी निराशा है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर केंद्र सरकार अब तक चुप क्यों है। क्या एक मुख्यमंत्री को उसके पद पर बने रहने दिया जा सकता है, जो संविधान के आदेशों को खुलेआम ठुकरा दे, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों को चुनौती दे और एक विशेष मजहब के वोट बैंक को खुश करने के लिए पूरे राज्य को हिंसा की आग में झोंक दे।



### भाजपा और केंद्र की निष्क्रियता पर सवाल

अब लोग पश्चिम बंगाल की ताजा स्थिति पर भाजपा और केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल करते हैं। बंगाल के हिंदू कह रहे हैं कि भाजपा, जो खुद को हिंदू हितों का सबसे बड़ा रक्षक कहती है, आज पश्चिम बंगाल में जब हिंदू मारे जा रहे हैं, तब मौन क्यों है। भाजपा के किसी भी शीर्षस्थ नेता ने एक शब्द भी नहीं कहा। क्या उनका यह स्टैंड बहुसंख्यक समाज को भरोसा दिला सकता है।

### क्या बंगाल को बांग्लादेश बनाने की योजना है

मुर्शिदाबाद और मालदा जैसे जिलों में हिंदुओं पर हमले की शैली–हिंदुओं की हत्या, घर जलाना, पत्थरबाजी, पीने के पानी में जहर मिलाना–हमें न सिर्फ 1971 के बांग्लादेशी हिंदू नरसंहार की, बल्कि हाल ही में शेख हसीना सरकार को हटाने की साजिश के बाद बांग्लादेश में हुए जिहादी दंगों की भी याद दिलाते हैं, जहां मंदिरों को जलाया गया, हिंदुओं को निशाना बनाया गया। ऐसे में यह सवाल भी मौजूं है कि क्या ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों का उपयोग करके बंगाल को बांग्लादेश में बदलने का प्रयास कर रही हैं। आज हिंदू खुद को अपनी ही भूमि में अनाथ महसूस कर रहा है। बंगाल में हिंदू समुदाय डरा हुआ है और ऐसा लगता है कि उसे असहाय छोड़ दिया गया है।

### केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना होगा

अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार स्थिति की गंभीरता को समझे और तुरंत कानूनसम्मत कदम उठाये। ममता सरकार को बर्खास्त करना अब राजनीतिक नहीं, संवैधानिक और नैतिक अनिवार्यता बन चुकी है, क्योंकि यह प्रश्न सिर्फ बंगाल का नहीं, पूरे भारत के भविष्य का है। अगर आज बंगाल को बचाया नहीं गया, तो कल कोई भी राज्य इस मजहबी उन्माद की आग में झुलस सकता है। यदि केंद्र सरकार ने अपना मौन नहीं तोड़ा, तो शायद इसका साइड इफेक्ट बेहद खतरनाक होगा, जिसका खामियाजा अंततः केंद्र सरकार को ही भुगतना होगा। भाजपा को मणिपुर को नहीं भूलना चाहिए, जहां उसकी रणनीति बुरी तरह फेल कर गयी और जब उसने स्थिति को संभालने की कोशिश की, तो काफी देर हो चुकी थी। भाजपा को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पश्चिम बंगाल ने इस देश के राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया है और यदि यह राज्य उसके हाथ से निकला, तो फिर उसे दूसरे राज्यों में भी सियासी मुश्किलों का सामना करना होगा।

---

# किशोरी का अर्धनग्न अवस्था में मिला शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी की गड्ढे से अर्धनग्न अवस्था में शव गुरुवार को बरामद हुआ। पुलिस फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है। मृतका नौवीं की छात्रा थी, लड़की के पिता यात्री बस के चालक हैं। दरअसल यह पूरा मामला दुमका के मसलिया थाना क्षेत्र का है। जहां नौवीं कक्षा की एक छात्रा बुधवार देर शाम लगभग 7:30 बजे कुछ काम की बात कह कर घर से निकली। काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गयी। उन्होंने खोजबीन शुरू कर दिया, लेकिन वह नहीं मिली। गुरुवार सुबह घर वालों को कुछ ग्रामीणों के जरिये यह जानकारी हुई की लापता बेटी का शव उसके घर से लगभग 700 मीटर दूर एक सुनसान इलाके में स्थित गड्ढे में पड़ा हुआ है। किशोरी का शव अर्धनग्न अवस्था में थी। इस मामले की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गये। लोगों के द्वारा मसलिया थाना को सूचित किया गया, तो थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके जरिये जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक जांच टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। मृतका के अंतःवस्त्र घटनास्थल पर ही पड़े थे। इससे इस बात की आशंका और बढ़ गयी कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ हो। आवश्यक जांच के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीपीओ विजय कुमार महतो भी मौके पर पहुंच लोगों से पूछताछ में जुटे हैं।



**जांच जारी : एसपी**

**एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि एक किशोरी का शव बरामद हुआ है। पुलिस की टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।**

# पतरातू रेलवे साइडिंग चेक पोस्ट पर अपराधियों ने की फायरिंग



### राहुल दुबे गैंग ने फायरिंग के बाद पर्चा छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू रेलवे साइडिंग में बने चेक पोस्ट पर बुधवार देर रात अपराधियों ने लगभग 5 राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। चेक पोस्ट की दीवार पर गोली के पांच निशान भी नजर आ रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस के टीम ने गोली के खोखा और राहुल दुबे नामक अपराधी द्वारा छोड़े गये पर्चा भी बरामद किया है। बताया गया कि एक बुलेट पर पतरातू की ओर से सवार होकर दो अपराधी पहुंचे और चेक पोस्ट पर रात 11:45 बजे के लगभग फायरिंग की। इसके बाद अपराधी भुरकुंडा की ओर भाग निकले। बुलेट पर सवार अपराधी काले रंग का वस्त्र पहने हुए थे।

वहीं पुलिस ने राहुल दुबे गैंग द्वारा छोड़े गये पर्चा को भी बरामद किया है। घटनास्थल से पुलिस द्वारा बरामद किये गये पर्चा में लिखा गया है कि गजानंद साहू के नाम राहुल दुबे द्वारा लिखा गया है कि इग्नोर करने का अंजाम है। यह तो एक ट्रेलर था, नेक्स्ट टाइम एक-47 और एक-56 से आपका स्वागत करेगा। फायरिंग की घटना के बाद कोयला साइडिंग सहित आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है।

# बेहतर काम करनेवालों को मिलेगा रिवॉर्ड गड़बड़ी करने पर कार्रवाई : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा समाहरणालय में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट कहा कि बेहतर काम करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा, जबकि लापरवाही या गड़बड़ी करनेवालों पर सख्त कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी कि कई पदाधिकारियों के पास विभागीय योजनाओं की मूलभूत जानकारी भी नहीं थी। मंत्री ने अगस्त तक सिमडेगा जिले के 10 प्रखंडों में 5 हजार किसानों को केसीसी लोन दिलाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए जागरूकता शिविर आयोजित किये जायेंगे, ताकि किसानों को लोन प्रक्रिया की सही जानकारी मिल सके। ऋण माफी योजना के तहत लाभुकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिये गये हैं। इस योजना में सहयोग नहीं करनेवाले बैंकों में विभाग की राशि डिपॉजिट नहीं करने की बात कही गयी है। सिमडेगा के डीसी को सभी प्रमुख बैंकों से पत्राचार करने का निर्देश मिला है।



मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जून तक पशु वितरण कार्य पूरा करने को कहा गया है। चयनित एजेंसी समय पर पशु उपलब्ध न कराये, तो उसे बदले जाने की बात भी कही गयी। इस बार सिमडेगा में शूकर और बकरी वितरण पर विशेष जोर रहेगा। मंत्री ने निर्देश दिया कि 50% अनुदान पर वितरित होने वाले बीजों का लाभ सुदूर गांवों तक पहुंचे। मिट्टी जांच की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी करने और तय समय पर सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित करने को कहा गया। साथ ही जिले में नए सॉइल टेस्ट सेंटर खोलने का प्रस्ताव विभाग को भेजा जायेगा।

कृषि मेले को अब किसी भी हाल में प्रखंड कार्यालय में न लगाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है, ताकि वे स्थल निरीक्षण कर योजना की जमीनी हकीकत देख सकें। समीक्षा बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने तालाब निर्माण, धान खरीद का लंबित भुगतान और किसानों को मिलने वाली योजनाओं की जानकारी के अभाव का मुद्दा उठाया। बैठक में सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जन प्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक के बाद मंत्री ने कांग्रेस जिला कार्यालय पहुंच कर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और विभागीय योजनाओं को लेकर चर्चा की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत भी किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.1°C | 21.6°C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



# तीन ऐसी योजनाओं का चयन करें, जिसका एक साल में जनता को मिले लाभ: हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास योजनाओं को लेकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव के साथ की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम से कम तीन ऐसी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया है, जिसे एक से डेढ़ साल के अंदर राज्य की जनता को समर्पित किया जा सके। ये योजनाएं धरातल पर तय समय सीमा में प्रभावी तरीके से उतरनी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका त्वरित और पूर्ण समाधान निकालें। मुख्यमंत्री गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सिर्फ योजनाएं ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी पूरी तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि हर मोर्चे पर राज्य तेजी से आगे बढ़े।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं बरती जाये :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का चयन किया जाये। उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इन योजनाओं का लोगों को सीधा लाभ मिले, इसकी सुनिश्चित व्यवस्था हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इन योजनाओं के लिए जो भी संसाधन की जरूरत हो, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सरकार की योजनाएं हर हाल में जन-जन तक पहुंचनी चाहिए।

**प्रमाण पत्र के लिए लोगों को परेशानी नहीं हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को आय, जाति आवासीय, जन्म और मृत्यु जैसे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी शिकायतें लगातार मिलती रहती है। लोगों को कई बार समय पर ऐसे प्रमाण पत्र नहीं मिलने से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। यह व्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है। जाति, आवासीय, आय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र का सीधा सरोकार आम जनता से होता है। ऐसे में इस तरह के प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी ना हो, इसकी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखें।

**विभागों को सिर्फ खर्च ही नहीं करना है, संसाधन भी जुटाने हैं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की ओर से कई फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के लिए राशि का प्रावधान करने की दिशा में हमने प्रयास शुरू कर दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों को ठोस रणनीति के साथ कार्य करना है। इस सिलसिले में विभागों को सिर्फ राशि ही नहीं खर्च करना है, बल्कि संसाधनों को भी जुटाना है। जब हमारे पास संसाधन होंगे, तभी हम योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में कामयाब होंगे।

## योजनाएं पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा जिन योजनाओं का चयन किया जाये, वह पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और असरदायक होनी चाहिए। इसके लिए सकारात्मक और मजबूत कदम उठाये जायें, ताकि उसका फायदा राज्य की जनता को सहूलियत के साथ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से सरकार पर राज्य की जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

## योजनाओं को तय समय के पहले ही पूरा करने का प्रयास हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं औचित्यपूर्ण होनी चाहिए। कोई भी योजना तभी सार्थक साबित होती है, जब उसका लाभ लोगों को सही समय पर मिलता है। ऐसे में जो भी जरूरी योजनायें संचालित हों, उसे समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम के पूर्व पेयजल और मॉनसून के पहले जल प्रबंधन तथा जाड़े का मौसम शुरू होने के पूर्व कंबल वितरण की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जानी चाहिए। वहीं, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले ही विद्यार्थियों के बीच पठन- पाठन सामग्री और साइकिल का वितरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कई और जरूरी योजनाएं हैं, जिसको तय समय से पहले पूरा करने का प्रयास करें।

# संविधान की बात करनेवाले कांग्रेस, झामुमो और राजद के लोग मौन हैं : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची ग्रामीण और महानगर भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में जोरदार प्रदर्शन हुआ। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, निवर्तमान अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, आरती कुजूर, जिलाध्यक्ष वरुण साहू, विनय महतो सहित पार्टी के प्रदेश जिला के पदाधिकारी ने किया।

हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक से राजभवन तक हेमंत सरकार विरोधी नारे लगाये। राज्य में शरिया कानून नहीं चलेगा, बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, भारत में रहना है, तो संविधान मानना होगा। संविधान विरोधी इंडी गठबंधन गद्दी छोड़ो, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, तुष्टीकरण नहीं चलेगा, मंत्री हफीजूल हसन को बर्खास्त करो जैसे नारे लगा रहे थे।

राजभवन तक प्रदर्शन के बाद एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और मंत्री हफीजूल हसन को बर्खास्त करने की मांग की। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक प्रणाली है, जहां भारत की जनता ने बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को अंगीकार किया है। भारत के नीति निर्माताओं ने संविधान को प्रधानता दी है। शरीयत एक निजी मामला है, जो राजकाज में लागू नहीं हो सकता। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज संविधान की बात करने वाले कांग्रेस, झामुमो, राजद के लोग मौन हैं। सरकार के मंत्री खुलेआम संविधान की अवमानना कर रहे हैं। शरिया को प्रथम और संविधान को दूसरे दर्जे का मान रहे है। कहा कि झारखंड को संविधान से चलाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जिम्मेवारी है और अगर किसी को शरिया ज्यादा पसंद है और उसके हिसाब से चलना है, तो उसे मंत्रिमंडल से बाहर किया जाना चाहिए।




कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा ने एक देश में दो विधान का विरोध अपने स्थापना काल से किया है। झारखंड भाजपा की तपोभूमि है और इसे शरिया से चलाने की साजिश करनेवालों को पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकती।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण में आकंठ डूबी है। वोट बैंक की राजनीतिक परिणाम है कि संविधान की शपथ लेकर मंत्री बननेवाले संविधान की अवमानना करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि शासन प्रशासन को शरिया के हिसाब से चलाने की सोच रखने वालों का प्रजातंत्र में कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों को कोई दूसरा विकल्प ढूंढना चाहिए।

निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन कराने की मानसिकता के लोग आज भी देश में शरिया कानून का सपना देख रहे हैं, जिसे विफल करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हैं। भारत में जिन्हें रहना है, उन्हें भारतीय विचारों, भारतीय संविधान को स्वीकार करना होगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करती है, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करती। उन्होंने कड़ी धूप में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दूर-दूर से आये कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।


# एयर शो का रिहर्सल, एयरक्राफ्ट ने दिखाये करतब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी मैदान में 19 और 20 अप्रैल को भारतीय वायुसेना का एयर शो होने वाला है। इसी बीच गुरुवार को खोजाटोली आर्मी मैदान में एयर शो का रिहर्सल हुआ। सुबह करीब 10:15 बजे से 10:45 बजे तक सुर्य किरण टीम ने 6 एयरक्राफ्ट के साथ रिहर्सल किया।

**आसमान में एयरक्राफ्ट के करतब देख भौचक हो गये ग्रामीण :** एयर शो की रिहर्सल शुरू होते ही अचानक तेज गर्जन के साथ नामकुम इलाका गूंज उठा। 6 एयरक्राफ्ट एक साथ आसमान को चिरते हुए आगे बढ़े। आसमान में करतब दिखा रहे एयरक्राफ्ट को पहली बार देख ग्रामीण शुरुआत में काफी भ्रमित और बाद में उत्साहित नजर आयें। रिहर्सल के दौरान 4 एयरक्राफ्ट एक साथ और 2 एयरक्राफ्ट उनसे कुछ दूरी पर दाएं-बाएं मुड़ कर करतब दिखाते नजर आयें।

**जोर-शोर से चल रही हैं तैयारियां :** शनिवार और रविवार को होने वाले एयर शो को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वहीं वायु सेना की टीम भी इस पल को यादगार बनाने में लगी है। मैदान में एक बड़ा मंच बनाया गया है। इसके अलावा बड़े क्षेत्र में बैरिकेडिंग भी की गयी है। बैरिकेडिंग के बाहर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।



## एयर शो कार्यक्रम का शेड्यूल

कार्यक्रम सुबह 9:45 बजे से शुरू होगा और 10:45 बजे समाप्त होगा। दोनों दिन कार्यक्रम की समयावधि एक ही रहेगी। कार्यक्रम में सभी का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। एयर शो का आनंद लेने के लिए आपको सुबह 8:30 बजे तक खोजाटोली आर्मी मैदान में पहुंचना होगा। कार्यक्रम स्थल पर सभी लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था होगी। इसके अलावा वाहन पार्किंग, पेयजल और शौचालय की भी उत्तम व्यवस्था रहेगी।

## स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी को दिखायें एयर शो : संजय सेठ

**रांची (आजाद सिपाही)।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेज के प्राचार्य से अपील करते हुए कहा रांची में पहली बार आयोजित एयर शो को अवश्य देखें। यह भारतीय एयर फोर्स के द्वारा आयोजित किया जा रही है। इस एयर शो में सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्रबंधक अपने बच्चों को अवश्य दिखायें। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा भारतीय सेना के प्रति बच्चे जागरूक हों, अपने जीवन का गोल सेट कर सकें, अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सकें, इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है। यह शो पूरी तरह निःशुल्क है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ एपी सिंह रांची आ रहे हैं। उनके जोरदार स्वागत की भी तैयारी है।

## डीसी ने राज्यपाल को आने का आमंत्रण दिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का भव्य एयर शो होने वाला है। 19 और 20 अप्रैल को होने वाले इस शो के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को भी औपचारिक आमंत्रण दिया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने राजभवन जाकर राज्यपाल को एयर शो में शामिल होने के लिए गुरुवार को आमंत्रण पत्र सौंपा। इससे पूर्व उपायुक्त ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा था।

# नथवाणी ने नुसरत जहां सिद्दीकी के निधन पर शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददात



**रांची।** राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी ने नुसरत जहां सिद्दीकी के दुःखद निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नुसरत जहां सिद्दीकी के दुःखद निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। वह एक नेकदिल, मृदुभाषी और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थीं।

मेरे झारखंड से राज्यसभा सांसद के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने मेरे कार्यालय में कार्य करते हुए जनजातीय और अल्पसंख्यक समुदायों की भलाई को सदैव प्राथमिकता दी। इस्लामनगर, बड़ाम-जराटोली इत्यादि क्षेत्रों में समाजसेवा के मेरे अनेक कार्यों में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस अपूरणीय क्षति पर हम शोकाकुल हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

# देश में एक चुनाव से विकास कार्यों को मिलेगी अतिरिक्त गति : सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी, झारखंड इकाई एवं रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से गुरुवार को रोटरी क्लब सभागार में एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव होने से विकास को अतिरिक्त गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आर्थिक संसाधनों की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी समय की बचत से प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकेगी। वर्ष 2024 के चुनाव में लगभग एक लाख करोड़ रुपया खर्च हुआ। इसके साथ ही कई योजनाओं और विकास की गति भी धीमी पड़ गयी।

**1012 दिन लागू रही आचार संहिता :** उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते देश में पांच वर्षों में 1012 दिन आचार संहिता लागू रहती है। इससे विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित होती है। यह विषय गहन चिंतन का है और इस विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को गंभीर चर्चा करनी चाहिए।

**एक चुनाव पर न हो राजनीति :** विशिष्ट अतिथि के रूप में वरीय पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि इस विषय पर राजनीति न हो। इस मुद्दे पर चर्चा हो और सभी मंथन करें कि एक बार चुनाव हो तो कितना अच्छा रहेगा। चुनाव आचार संहिता की वजह से कई दैनिक कार्य बाधित होते हैं। विकास रुक जाता है। आम आदमी को परेशानी होती है। बचे हुए समय का उपयोग अन्य कार्यों में करें, तो राष्ट्र का विकास संभव है। कार्यक्रम में पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू ने कहा कि देश से संबंधित मुद्दों पर हम सभी को एक होना चाहिए। 140 करोड़ जनता को सहूलियत मिले। उन्होंने कहा कि 100 दिन में हमारा चुनाव संपन्न होगा। हमारे पास 900 दिन विकास के और अतिरिक्त बचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फैन्स के अध्यक्ष पवन बजाज ने की। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब की सचिव डॉ ख्याति मुंजाल ने किया।

वहीं धन्यवाद ज्ञापन चैंबर के मानद सचिव आदित्य मल्होत्रा ने किया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष गौरव बागराय, सचिव डॉक्टर ख्याति मुंजाल, फैंस के महासचिव रथीन भद्रा फैंस के समन्वयक प्रमोद सारस्वत, दीपक श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, डीपी सिंह, भंडारी लाल सहित अन्य मौजूद थे।




## भारत के लिए है मुख्य मुद्दा

यह भारतीय लोकतंत्र और भारत के लिए मुख्य मुद्दा है। ऐसे कई विचार मन में आ रहे हैं, उसे आपस में चर्चा कर जो समाधान निकलता है, उसे अपनाना चाहिए। भारत में पहला विषय है, जिसे जनमानस के बीच में हम ले जा रहे हैं। यह देश के लिए कितना हितकारी है या आनेवाला समय बतायेगा। यह किसी पार्टी का विषय नहीं, देश के लोकतंत्र का विषय है, हम इसकी चर्चा छोटे-छोटे समूह में सब जगह एकत्र होकर करें और आप ही तय करें कि यह कितना हमारे लिए सार्थक सिद्ध होगा।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ बजरंग दल कल करेगा प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** बजरंग दल के झारखंड प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह से वक़्फ अधिनियम के बहाने पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों से हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। इसके विरोध में 19 अप्रैल को बजरंग दल राष्ट्रव्यापी आक्रोश प्रदर्शन करेगा। गुरुवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि पश्चिम बंगाल के प्रभावित इलाके से पलायन कर कई पीड़ित परिवार झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अपनी जान बचा कर आश्रय लिए हुए हैं। विहिप उन्हें हरसंभव मदद करने को कृतसंकल्प है। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा के लिए अभी तक दृष्टिगत नहीं हुई है। स्पष्टतः इसके मूल में केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की दुर्भावना ही है। उन्होंने कहा कि ऐसी पक्षपाती राज्य सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और संपत्ति की रक्षा संभव नहीं है। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को तत्काल निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर 19 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत राज्य के सभी जिला केंद्रों पर आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस मौके पर विहिप प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने सभी जिला मंत्रियों, सभी जिला संयोजकों और जिलों में निवास करने वाले सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं सहित सभी धार्मिक, आध्यात्मिक, राजनैतिक संगठनों को इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# अबुआ आवास के लिए बिचौलियों और दलालों को कोई राशि नहीं दें: डीसी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी और कल्याणकारी अबुआ आवास योजना की सुयोग्य लाभुकों को किस्तों की राशि प्रदान की गयी है। अबुआ आवास योजना अंतर्गत लाभुकों को आवास निर्माण के लिए चार किस्तों में दो लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं। सर्व प्रथम स्वीकृति के पश्चात प्रथम किस्त के रूप में 30000 प्लींथ स्तर तक कार्य करने के पश्चात द्वितीय किस्त के रूप में 50000, लिंटन स्तर तक कार्य करने के उपरांत तृतीय किस्त के रूप में 100000 और आवास पूर्ण करने के पश्चात चतुर्थ किस्त के रूप में 20000 प्रदान किया जाता है। इसके साथ-साथ मनरेगा अभिषरण से लाभुक को 90 से 95 मानवदिवस का भुगतान और स्वच्छ भारत मिशन से घरेलू शौचालय निर्माण हेतु 12000 प्रदान करने का प्रावधान हैं। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अबतक 183.1190 करोड़ राशि का भुगतान लाभुकों के खाता में किया जा चुका है और 5.73 करोड़ राशि लाभुकों के खाता में भुगतान हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। डीसी नैंसी सहाय ने लाभुकों से अवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु अपील किया गया है। साथ ही कोई भी बिचौलिया और दलालों को किसी भी प्रकार की कोई राशि नही देने का आग्रह किया गया है। अगर कोई भी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से राशि की मांग की जाती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित बीडीओ, डीडीसी या सीधे डीसी से की जा सकती है।

## बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग किया



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत स्थित भदईखाप निवासी मो मनोवर अंसारी की पुत्री रानी कुमारी की शादी में भू-रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के द्वारा दस हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर साव ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ मो मनोवर अंसारी को नकद राशि प्रदान किया। इस अवसर पर प्रकाश साव, मो मुबारक अंसारी, हरिहर साव, बिजेंद्र यादव, दीपक कुमार, रितेश कुमार, सुनील कुमार और बिरेन्द्र कुमार मौजूद थे।

## नये सत्र में नामांकन की अंतिम सूची को लेकर कस्तूरबा विद्यालय में हुई बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में अंतिम बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश कुमार और संचालन वार्डेन ज्योति वर्मा ने किया। बैठक में बीइइओ राकेश कुमार एसएमसी अध्यक्षा रिंकी देवी, बीपीएम कुणाल चौरसिया, लेखापाल प्रेमचंद प्रसाद और बीआरपी शामिल हुए। बैठक की शुरुआत वार्डेन ने अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर प्रारंभ किया। उसके बाद नामांकन के लिए तैयार किये गये छात्राओं के शॉर्ट लिस्ट प्रस्तुत किया गया। जिसका बारीकी से निरीक्षण के पश्चात बीडीओ ने आंशिक संशोधन का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार नामांकन सूची तैयार करने में विद्यालय से विद्यार्थी के आवास की दूरी, एकल अभिभावक, बीपीएल, एससी, एसटी, अनाथ, अल्पसंख्यक आदि विभिन्न बिंदुओ का ध्यान रखा गया है। वार्डेन ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशानुसार अंतिम सूची जिला को समर्पित किया जायेगा। जिला की स्वीकृति के उपरांत मेधा सूची जारी करते हुए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

## नौ दिवसीय दुर्गा प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पूरनानगर में हो रहे श्री श्री 1008 श्री दुर्गा प्राणप्रतिष्ठा नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज शामिल हुए। जहां उन्होंने क्षेत्र के सभी सनातन धर्म के लोगों से कहा कि जिस भी जगह यज्ञ का आयोजन किया जाता है यज्ञ के मंत्रों के उच्चारण से उस जगह के साथ साथ आसपास के क्षेत्र शुद्ध हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आपलोग धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस कलश यात्रा में पूरनानगर, बरसोतीयाबर, पांडेयडीह, चंद्रोडीह, कोडरमा बाजार, बदडीहा, लोचनपुर के महिलाओं और युवतियों ने करीब दो हजार ज्यादा कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए अरघोती नदी पहुंची। यात्रा के दौरान एक से बढ़कर क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा झांकियां भी निकाली गयी। वहीं ढोल नगाड़ों के साथ भक्त झूमते नाचते हुए नजर आए। इस दौरान कमेटी के सदस्यों के द्वारा पूरे रास्ते पानी और शरबत की व्यवस्था किया गया था। वहीं आयोजन स्थल पर कलश को स्थापित करने के बाद प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। जहां सभी कलश यात्रा में शामिल भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण किया। इस कलश यात्रा में प्रधानपुजारी नंदलाल प्रसाद, अध्यक्ष अनिल सोनी, मुंशी महतो, सचिव किशुन सिंह, वासुदेव सोनी, सदस्य सुंदर सोनी, जगदीश पंडित, अरुण पंडित, बिनोद ठाकुर, अर्जुन रजक, राजकुमार रजक, मुखिया अनीता देवी व सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत मेघातरी दिबौर में शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोडरमा थाना में एक आवेदन दिया है। दिये आवेदन के आलोक में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोडरमा थाना कांड संख्या 67/25 में पीड़िता ने उसी गांव के सूरज कुमार पिता कन्हैया कुमार उम्र 26 वर्ष पर शादी का झांसे में लेकर करीब 2 साल से ज्यादा तक यौन शोषण का आरोप लगाया है। इधर कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता के द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई

# कटकमसांडी में झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

'स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे इलाज के लिए पंजीकृत और योग्य डॉक्टरों से ही संपर्क करें



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के कटकमसांडी प्रखंड में बिना योग्यता और लाइसेंस के इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी भूषण राणा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें बहिमर चौक पर अवैध रूप से क्लिनिक चला रहे दो तथाकथित डॉक्टरों- आशीष विश्वास और बबलू बसु-को पकड़ा गया। स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि कटकमसांडी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का एक पूरा नेटवर्क सक्रिय है, जो मरीजों का इलाज करने के नाम पर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। अक्सर देखा गया है कि इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही के कारण मरीजों की मौत तक हो जाती है और फिर आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो जाते हैं। कुछ समय बाद वे दोबारा उसी जगह लौटकर काम शुरू कर देते हैं। इसी तरह की एक लिखित शिकायत के आधार पर जब चिकित्सा प्रभारी भूषण राणा ने जांच की तो बहिमर चौक पर आशीष विश्वास और बबलू बसु के क्लीनिक चलाने की पुष्टि हुई। छापेमारी के दौरान आशीष विश्वास मौके से फरार हो गया, जबकि बबलू बसु को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है। भूषण राणा ने स्पष्ट शब्दों में कहा, कटकमसांडी प्रखंड में झोलाछाप डॉक्टरों का अब खैर नहीं। इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। ऐसे लोगों की लापरवाही आम जनता की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे इलाज के लिए पंजीकृत और योग्य डॉक्टरों से ही संपर्क करें और किसी भी तरह के अवैध क्लिनिक या झोलाछाप डॉक्टर की जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग या पुलिस को दें।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के कल्लू चौक स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गयी। मृतका को 15 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। परिजनों के अनुसार महिला की स्थिति पूरी तरह सामान्य थी और दो दिन बाद उसकी छुट्टी तय थी। गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे जब महिला की ड्रेसिंग की जा रही थी, उसी दौरान वह बेड से गिर गयी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस खबर के मिलते ही मृतका के परिजन लगभग 9 बजे इटखोरी परसौनी से अस्पताल पहुंचे और स्थानीय रिश्तेदारों के साथ मिलकर नर्सिंग होम में जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौके से फरार हो गये। सूचना मिलते ही लोहसिंघना थाना प्रभारी पुन्नू कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका के पति को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन देने की सलाह दी और शव को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, परिजनों की सूचना पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन वहां कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। डॉ अमरदीप यादव ने मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों से दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की और बताया कि वे इस मामले में जिला उपायुक्त से भी मुलाकात करेंगे। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है और सवाल उठ रहे हैं कि यदि महिला की तबीयत ठीक थी, तो आखिर अस्पताल में ऐसी चूक कैसे हुई जिससे उसकी जान चली गयी। प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। परिजन न्याय और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## प्रो-कबड्डी लीग की तैयारियों को लेकर बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रो-कबड्डी लीग-ककी तैयारियों को लेकर एक बैठक झुमरीतिलैया के सेक्रेड हर्ट स्कूल में कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संदीप सिन्हा बंटी के नेतृत्व में हुई। आगामी प्रथम कोडरमा प्रो कबड्डी लीग के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 अप्रैल के बीच स्थानीय सी एच स्कूल मैदान में दूधिया रोशनी में होगा जिसमें कोडरमा जिले के साथ-साथ पूरे झारखंड राज्य के अलग-अलग जिले के लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी शामिल होंगे जहां महिलाओं कि चार टीम व पुरुषों की छह टीमें प्रतियोगिता में अपने-अपने फ्रेंचाइजी के लिए दम-खम दिखाएगी। कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला कबड्डी एसोसिएशन अपने और से कोडरमा जिले के साथ-साथ पूरे झारखंड के महिला और पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने का काम कर रहा हैं। उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सागर कुमार व राहुल चौधरी के साथ साथ भारतीय कबड्डी के टीम के कोच पहली बार झारखंड की धरती पर आयेंगे।**

## सड़क दुर्घटना में युवक मौत, एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान शंकर पासवान (उम्र 35 वर्ष, पिता जगदीश पासवान) के रूप में की गयी। जबकि घायल की पहचान रोहित पासवान दोनों का ग्राम चमगुदो खुर्द, हारहाई बाझेडीह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बरहमसिया शादी समारोह में जा रहे थे। तभी मरकच्चो थाना क्षेत्र में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल बाइक सवार युवक की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी, जबकि एक युवक घायल हो गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया जबकि घायल का इलाज चल रहा है।**

# पांच दिवसीय रुद्र यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** चुरचू प्रखंड के हेंदेगढ़ा पंचयात के गांव हरहद में श्री श्री 1008 रुद्र यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ, पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल जिला पार्षद वासुदेव करमाली, चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, परमेश्वर महतो आजसू पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष, सहित कई लोग शामिल हुए। यज्ञ का संचालन 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक होगा। यज्ञ के पहले दिन गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में लगभग 501 महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों द्वारा कलश उठाकर नगर भ्रमण किया। यज्ञ मंडप से श्रद्धालु पूजा अर्चना के साथ कलश उठाये और पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए हरहद के बुढ़वा नदी पहुंचे। जहां यज्ञ आचार्य अनिल पांडे के मंत्रोउच्चरण के विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा अपने कलश में जलभरकर कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। अयोध्या से आये कथा वाचक श्री रामजी शास्त्री मधुर प्रवचन का रसपान करायेंगे। बद्री महतो लालदेव महतो ने कहा कि यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के साथ भारतीय संस्कृति का एक मुख्य अंग हैं। यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि आती हैं। यज्ञ में शामिल होकर लोग पुण्य के भागीदारी बनते हैं। कलश यात्रा में श्री श्री 1008 रुद्र यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समिति अध्यक्ष बद्री महतो सचिव संतोष राम कोषाध्यक्ष गोविंद महतो उपाध्यक्ष लालदेव महतो, स्थानीय मुखिया गिरिजा कुमारी, गणेश महतो, महेश महतो, लालदेव महतो, बद्री महतो, गोविंद महतो, बैजनाथ महतो, विनय महतो, विनोद महतो, सुरेश महतो, अखिल महतो, तालेश्वर महतो, रोहित महतो, प्रमोद महतो, लोकनाथ महतो, लालचंद महतो, लालजी महतो, भीमराम राम सहित कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### व्यापारियों की सुरक्षा और ट्रैफिक समस्या को लेकर एसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल


# सुरक्षा और ट्रैफिक मुद्दों पर व्यापारियों ने जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एसपी अरविंद कुमार सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात किया। मुलाकात के प्रारंभ में प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन की प्रशंसा करते हुए एसपी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दीं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों में हजारीबाग के विभिन्न व्यवसायिक इलाकों में चोरी की कई घटनाएं सामने आयी हैं, जिससे व्यापारियों में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को इस विषय में एक ज्ञापन सौंपते हुए अनुरोध किया कि रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाया जाये, व्यवसायिक क्षेत्रों में सीसीटीवी की संख्या और निगरानी बढ़ाई जाये और संदिग्ध तत्वों की पहचान कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इसके अतिरिक्त शहर की दिन-ब-दिन बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि यातायात जाम की समस्या से आम जनता और व्यापारी दोनों परेशान हैं। विशेष रूप से कुछ प्रमुख चौक-चौराहों जैसे कि झंडा चौक, पैगोडा चौक, कांग्रेस ऑफिस चौक सहित कई अन्य चौक को ट्रैफिक को सुनियोजित ढंग से नियंत्रित किया जाये, तो स्थिति में सुधार संभव है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया की चोरी की घटनाओं पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जायेगी और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही उन्होंने ट्रैफिक की समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए बताया की संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक कदम उठाये जायेंगे ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, सह-सचिव तारीक अहमद रजा और मीडिया प्रभारी रितेश खंडेलवाल शामिल थे।

## टीपीसी के नाम से मांगी गयी दो लाख की लेवी, चारदीवारी निर्माण कार्य बंद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र के तलसवार संकुल अंतर्गत के प्राथमिक विद्यालय सोहादी में भोला महतो कंस्ट्रक्शन के द्वारा चारदीवारी का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय का चार दिवारी का कार्य कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से करवाया जा रहा है। कॉन्ट्रेक्टर ने बताया कि चार दिवारी का कार्य की लागत लगभग 14 लाख की लागत से कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के टीपीसी के नाम से दीवार में पोस्टर चिपकाकर दो लाख की लेवी की मांग की गयी है। जिससे ठेकेदार और कार्य में लगे मजदूर दहशत में है जिसको लेकर चार दिवारी का कार्य को बंद कर दिया गया। पोस्टर में लिखा हुआ है कि कुआं के पास घड़ा है जिसमें लेवी की दो लाख की राशि रख दे अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहें। बताया गया कि चारदीवारी की कुछ फीट दीवार सबल के माध्यम से गिरा दिया गया है और एक ड्राम को छेदा कर दिया गया है।

## उमवि तलसवार में बाल संसद का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार प्रांगण के सभा कक्ष में बाल संसद और मंत्रिमंडल का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्जुन राम और संचालन शिक्षक बिरेंद्र कुमार व तुलेश्वर कुमार ने किया। मंत्रिमंडल के गठन में सर्वसम्मति नहीं बन पाने के कारण मतदान प्रक्रिया से चुनाव संपन्न कराया गया। प्रधानमंत्री पद पर आदित्य कुमार, उप प्रधानमंत्री अंशिका कुमारी, संजय कुमार बाल संसद अध्यक्ष, शिक्षा मंत्री आनंद कुमार, खेलकूद मंत्री खुशी कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी संगम गुप्ता, बागवानी और पर्यावरण मंत्री मोहित कुमार उर्फ चाहत, पोषण मंत्री दुगार्कांत कुमार, संचार मंत्री नेहा कुमारी, उपस्थिति मंत्री सिमरन कुमारी, कौशल विकास मंत्री दिव्या कुमारी और अन्य मंत्री बनाये गये। बाल संसद के चयनित सभी मंत्रियों और सदस्यों को विद्यालय के शिक्षक बिरेंद्र कुमार के द्वारा उनके अधिकार व कर्तव्य का बोध कराया गया। आगे उन्होंने बताया कि बाल संसद का गठन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। सभी नव चयनित सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। बाल संसद गठन के मौके पर मुख्य रूप से मनोज रामरविदास, उषा राणा, भोलानाथ कुशवाहा, आलोमानी एका, विमल प्रसाद, और प्रभात कुमार ने सहयोग किया।

## अबुआ आवास योजना के लाभुक अब स्वयं से कर सकते हैं जियोटैग




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने और आवास निर्माण के लिए लाभुक को ससमय किस्त की राशि भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रांची द्वारा लाभार्थी स्तर जियोटैग ऐप तैयार किया गया है। लाभार्थी स्तर जियोटैग ऐप के माध्यम से आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुक स्वयं अपने निमार्णाधीन आवास का जियोटैग कर सकेंगे। इस एप्प को गुगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड के पश्चात मोबाईल में इसे इन्टॉल करने के क्रम में लाभुक के माबाईल में ओटीपी प्राप्त होगा। इसके लिए सभी लाभुकों को अपना मोबाईल न प्रखंड लॉगईन में अपडेट करना अनिवार्य होगा। लाभुक द्वारा स्वयं से किये गये जियोटैग को पंचायत सेवक द्वारा सात दिनों के अन्दर स्थल सत्यापन करते हुए जियोटैग को अप्रुव अथवा रिजेक्ट (कारण सहित) करना हैं।

## बड़ा बाजार थाना के लिए आवंटित भूमि पर कब्जा के बाद समाजसेवियों की उठने लगी आवाज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बड़ा बाजार थाना स्थापित करने के लिए आरक्षी अधिक्षक हजारीबाग द्वारा पत्रांक 1224/सा.शा., 1226/सा.शा.,दिनांक 24.12.2021 और अंचल अधिकारी सदर पत्रांक 48 दिनांक 09.01.2024 के आलोक में हजारीबाग जिले के सदर अंचल मौजा कैंटोनमेंट के खाता संख्या 196, प्लॉट संख्या 722, गैर मजेरूवा खास किस्म की भूमि है। वर्णित 50 डिसमिल भूमि हजारीबाग उपायुक्त द्वारा पत्रांक संख्या दिनांक 09.02.2024 को बड़ा बाजार थाना के लिए चिन्हित कर हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू किया गया था। इसकी प्रक्रिया शुरू होते ही एकाएक इस भूमि के पिछे संचालक मंडल की नजर पड़ी तो उनको भी इस बेस कीमती खाली भूमि का लालच हुआ और उन्होंने 08.04.2024 को उक्त भूमि में से 35 डी० सचिव संत स्टीफेन चर्च, सीएनआइ हजारीबाग के नाम से करने का आवेदन अपर समाहर्ता को दे दिया। उनका कहना है कि चर्च आने-जाने वालों को अपना वाहन लगाने के लिए यह भूमि पार्किंग के लिए चाहिए, और उनके आवेदन पर जिला प्रशासन कोई निर्णय लेता, उसके पहले ही उन्होंने इस पूरे 50 डी सरकारी भूमि को कब्जा कर चार दिवारी दे दिया और धार्मिक प्रतीक क्रॉस चिन्ह लगा दिया। जबकि इस भूमि से सटे चर्च के पास 2.5 एकड़ भूमि है जो कि केशरे हिंद है। यह भूमि इंग्लिश मिशन के नाम से सर्वे खतियान में दर्ज है। बड़ा बाजार थाना के लिए आवंटित यह भूमि 25 करोड़ की सरकारी संपत्ति है। हजारीबाग में सरकारी जमीन को कब्जा करने का कई हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, पर्दा लगाकर बड़े-बड़े भूखंड कब्जा किया जा रहा है। प्रशासन दबाव में सरकारी जमीन नहीं बचा पा रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर भूमि कब्जा करने की नई शुरुआत हुई है,कल दूसरे लोग भी ऐसा ही करेगें। जब जिला प्रशासन थाना के लिए आवंटित जमीन नहीं बचा सकती है तो आम आदमी को न्याय कैसे मिलेगा। मनोज गुप्ता ने आग्रह किया किइस भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाय नहीं तो उच्च न्यायालय के शरण में जायेगें। आवेदन की प्रति आयुक्त, उपायुक्त, आरक्षी अधिक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को भी दिया गया है।

## तार की चपेट आने से युवक की मौत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग मुफ्फसील थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवारा निवासी शाहनवाज हुसैन उर्फ शानू (22 वर्ष) की एक शादी समारोह के दौरान बुधवार की रात दर्दनाक मौत हो गयी। घटना दारू थाना क्षेत्र के घाघरा गांव की है, जहां बारात में छतरी लाइट लेकर चल रहे शानू की जान 11 हजार वोल्ट की बिजली की तार की चपेट में आने से चली गयी। शानू एक विद्युत सजावट टीम के साथ बारात में गया था और छतरी लाइट को थामे हुए था। जैसे ही बारात कुछ दूरी पर पहुंची, तभी एक जगह काफी नीची लटक रही हाई वोल्टेज तार छतरी से टकरा गयी। देखते ही देखते शानू बुरी तरह झुलस गया। घटना रात करीब 11 बजे की है। उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद भेलवारा गांव में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस हृदयविदारक घटना से शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। परिजनों ने मुफ्फसील थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और बिजली विभाग की घोर लापरवाही को मौत का ज़िम्मेदार ठहराते हुए उचित मुआवजे की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिजली का तार काफी नीचे झुका हुआ था, जिसे पहले से ही ठीक नहीं किया गया था।

## लावालौंग के युवक की पटना में मौत



**लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हेडूम पंचायत के पोटम गांव निवासी 45 वर्षीय नगीना भुइयां की मौत पटना के शनिचरा मंदिर, डिस्को मकान में काम करने के दौरान हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव में रोजगार नहीं मिलने के कारण वह बाहर जाकर काम कर अपने परिवार के भरण पोषण करता था। फिलहाल पटना में वह एक जैक लिफ्टिंग कंपनी में काम कर रहा था। काम करने के दौरान दीवार गिर गया जिसके नीचे वह दब गया।और बाउंड्री में लगे लोहे का रॉड उसके माथे में घुस गया। जिसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सेफ्टी के लिए हेलमेट दिया जाता तो कुछ नहीं होता। कंस्ट्रक्शन वर्क में लगाये जाने वाले सेफ्टी कीट उपलब्ध रहता तो शायद जान बच सकती थी। इस घटना से पोटम गांव में मातम का माहौल बना हुआ है और परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## सड़क जाम में फंसा एम्बुलेंस, मरीज की हुई मौत

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार में लगने वाला सड़क जाम अब जानलेवा साबित होने लगा है। सड़क जाम में एक एंबुलेंस के फंसे रहने के कारण उस पर सवार एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। वृद्ध महिला हंटरगंज के जावादोहर गांव के जागो भूईयां की 60 वर्षीय पत्नी कोशिला देवी है। उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उसे उल्टी हो रहा था। परिजनों द्वारा बीमार वृद्ध महिला को एंबुलेंस से हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था। लेकिन अस्पताल पहुंचने से महज 500 मीटर पहले हंटरगंज बाजार में लगे सड़क जाम में एंबुलेंस फंसा रहा। काफी देर तक सड़क जाम में एंबुलेंस के फंसे रहने के कारण बीमार कोशिला देवी की मौत एंबुलेंस में ही हो गयी। काफी देर बाद सड़क जाम से निकलने के बाद एंबुलेंस मरीज को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि हंटरगंज बाजार में दूकानदारों की लापरवाही के कारण मुख्य मार्ग में जाम का स्थिति बनी रहती है। लोग अपना मोटरसाइकिल सड़क पर ही खड़ी कर घंटों बाजार करने चले जाते हैं। दूकानदार और मोटरसाइकिल चालकों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बाजार में है। साथ ही जाम लगने का दूसरा बड़ा मुख्य सड़क पर यात्री बस का ठहराव भी है। चतरा की ओर से आने-जाने वाली सभी यात्री बसें हंटरगंज में अपने निर्धारित समय तक मुख्य मार्ग पर ही खड़ी रहती है। यात्री बसों का ठहराव मुख्य बाजार से बाहर करने की आवश्यकता है। ताकि सड़क जाम और सड़क हादसा से लोगों को निजात मिल सके।

## उपायुक्त ने शहरी जलापूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने गुरुवार को उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद चतरा के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा, सहायक अभियंता/कनीय अभियंता और सहायक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल हजारीबाग के साथ संयुक्त रूप से चतरा शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत जलशोध संस्थान (डब्लू टी पी) और जलाशय हेरुआ डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में जलाशय हेरुआ डैम पर उपस्थापित स्पिलवे गेट के मरम्मति का प्राक्कलन को तकनीकी स्वीकृति के उपरांत कार्यालय में उपस्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए मानसून के पूर्व उक्त मरम्मति कार्य का निविदा कर ऐजेंसी के माध्यम से कार्य को पूर्ण कराया जा सके। हेरुआ डैम सुख जाने के कारण पेयजल की समस्याओं को देखते हुए वर्त्तमान में भेड़ी फार्म से नियमित रासनिंग करते हुए माह-जून 2025 तक पेयजलापूर्ति करने का निर्देश दिया। नगर परिषद क्षेत्र में अधिष्ठापित नलकूपों की सूची नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त कर उक्त नलकूपों का मरम्मति संबंधी प्राक्कलन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ताकि पेयजल कार्यालय को सूची उपलब्ध कराते हुए नियम संगत समय पर चापानलों की मरम्मति किया जा सके। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने पेय जल और स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक किया। उन्होंने बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कई जगह निरीक्षण के दौरान और जनता दरबार के माध्यम से चापानल खराब होने की शिकायत प्राप्त हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में चापानलों की मरम्मति टीम बनाकर प्रतिदिन किया जाय और मरम्मति संबंधी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाये और समय-समय पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मानिटरिंग किया जाय। जिससे आम जनता को पेयजलापूर्ति की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी और सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी को कार्य का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

## सांसद और विधायक ने दो मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने गुरूवार को भाजपा कार्यालय परिसर से दो मोबाईल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास और स्वस्थ भारत मिशन को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर-द्वार तक ही पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा विशेषकर उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी, जो आर्थिक तंगी या अधिक दूरी के कारण समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं। सांसद ने कहा कि गेल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) योजना के तहत उपलब्ध कराये गये मोबाइल वैन से अब चतरा लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर मुफ्त जांच और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान थे, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद, भाजपा महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## लावालौंग में चोर बेखौफ

**लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हेडुम पंचायत के कल्याणपुर में हेमनाथ गंझु के घर 15 अप्रैल की रात को घर में घुसकर बेखौफ चोरों ने लाखों के जेवरात सहित नगदी की चोरी कर ली। हेमनाथ गंझु रामगढ़ जिले में सरकारी शिक्षक के पद पर पदस्थापित हैं। वे रामगढ़ में ही किराये की मकान में रहते हैं। उनका पूरा परिवार भी घर से बाहर ही रहते हैं। बीच-बीच में छुट्टियों के दिन सभी घर आते हैं। अंबेडकर जयंती के दिन वे घर आए हुए थे, लेकिन शाम को रामगढ़ चले गये थे। कल्याणपुर वाला घर में कोई नहीं था। जिसका लाभ उठा कर चोरों ने अलमारी में रखे दो जोड़ी सोने की कान बाली, एक जोड़ा पायल, सोने की मंगलसूत्र सहित लाखों के जेवरात सहित नगदी ले उड़े।

### अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी चिकित्सक डॉ सिकंदर फरार अवैध नर्सिंग होम को किया गया सील

**मां सेवा सदन नर्सिंग होम में मेडिकल टीम की छापामारी**

**दो नवजात समेत प्रसूता बरामद, इलाज के लिए भेजा गया सदर अस्पताल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिला प्रशासन ने गुरुवार की तड़के एक बड़े घटनाक्रम में सदर प्रखंड क्षेत्र के बभने गांव स्थित चतरा-गया रोड पर संचालित मां सेवा सदन नामक एक अवैध नर्सिंग होम में छापामारी की। छापामारी के दौरान राजपुर थाना क्षेत्र के चौर टांड़ और लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले गांव के दो प्रसूता को उनके नवजात शिशु के साथ बरामद किया गया। बरामद दोनों जच्चा-बच्चा को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों प्रसूता का नीम हकीम चिकित्सक द्वारा अपने अवैध नर्सिंग होम में सिजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया था। सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के निर्देश पर अंचलाधिकारी अनिल कुमार और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित मेडिकल टीम ने सदर थाना की पुलिस टीम के साथ सदर प्रखंड के बभने गांव में अपने आप को एमबीबीएस चिकित्सक बताने वाले डाक्टर सिकंदर द्वारा मां सेवा सदन के नाम से संचालित अवैध नर्सिंग होम में छापामारी की। छापामारी की भनक लगते ही चिकित्सक डॉ सिकंदर फरार हो गया। नर्सिंग होम में कार्यरत चिकित्सक की एएनएम पत्नी गीता कुमारी से पूछताछ की गयी। अंचलाधिकारी अनिल कुमार और चिकित्सा प्रभारी डॉ पंकज ने बताया कि नर्सिंग होम में मौजूद क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन और रेगुलेशन) वर्ष 2022 में ही फेल हो चुकी है। इसके बावजूद धडल्ले से अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि अवैध नर्सिंग होम में अवैध रूप से बिना किसी सुविधा के महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा छापामारी के दौरान नर्सिंग होम में कोई चिकित्सक या प्रशिक्षित नर्स मौजूद नहीं था, और न ही नवजात बच्चों की सुरक्षा की कोई व्यवस्था थी। अवैध नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। नर्सिंग होम में बरामद कागजातों की जांच की जा रही है। आवश्यकता अनुसार प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। छापामारी टीम में अंचलाधिकारी अनिल कुमार, सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष कुमार, एमपीडब्ल्यू मो फुजैल, सदर थाना के सब इंस्पेक्टर समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस को लेकर फायर बिग्रेड ने चलाया जागरूकता अभियान

**फायर ब्रिगेड रामगढ़ 24 घंटे हमेशा है तैयार आपकी सेवा में:महेंद्र सिंह**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के चट्टी बाजार स्थित श्री श्याम कॉम्प्लेक्स परिसर में गुरुवार को फायर ब्रिगेड रामगढ़ के तत्वावधान में राष्ट्रीय अग्निशामन सेवा दिवस के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय अग्निशामन सेवा दिवस 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जायेगा। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को यह बताया गया कि किस तरह आग लगने पर अपने बचाव को किया जाये। रामगढ़ फायर ब्रिगेड के अधिकारी महेंद्र सिंह और प्रधान अग्नि चालक मो अब्बास अली ने विस्तार से इसके बारे में समझाया। इस दौरान श्री श्याम कंपलेक्स परिसर के सामने आग लगवा कर फायर डिस्टिंग्विशर से किस तरह आग को बुझाना चाहिए यह प्रशिक्षण लोगों को दिया गया। वही, गैस सिलेंडर में आग लगवा कर यह बताया कि इसके ऊपर तुरंत कोई बाल्टी ढकें, घबराएं नहीं और अगर बाल्टी उपलब्ध नहीं हो सके तो गीला मोटा कपड़ा अपने हाथ को छुपा कर इसके ऊपर ढक देंगे और अगर यह भी संभव न हो तो जहां से गैस निकल रही है उस लॉक को बंद करने का प्रयास करें। घबराने से नुकसान ज्यादा हो सकता है। उन्होंने बताया कि आग लगने पर तुरंत फायर इक्विपमेंट के लिए लगायी गयी मोटर को दौड़कर रनिंग पोजीशन में लाएं और जो पाइप है उसको तेजी से खोलते हुए इसके पानी को चालू करें और मजबूती से पकड़ें, क्योंकि अगर इसको मजबूती से नहीं पकड़ा गया तो मोटर द्वारा प्रेशर से संचालित पानी आपको चोट पहुंचा सकता है, इसलिए पूरी मजबूती के साथ इसके नोब को पकड़े।

**फायर ब्रिगेड रामगढ़ 24 घंटे हमेशा है तैयार आपकी सेवा में: महेंद्र सिंह:** फायर ब्रिगेड ने अपना नंबर भी जारी किया। परिसरों में कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड का नंबर लगाकर बोर्ड में लिखें, ताकि तत्काल कार्रवाई हो सके। उन्होंने बताया कि हमारी फायर ब्रिगेड 24 घंटे हमेशा तैयार रहती है और हम लोग सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, गार्ड राजकुमार, अनिल अग्रवाल, गोलू, अजीत अग्रवाल, कैलाश कुमार, छोटू, दीपक कुमार, पिंटू, अजय कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, अनिल ठाकुर, मोहम्मद साबिर, सुजीत, रवि, अजय मिश्रा, सुधीर रावत, संजय सोनी ,लोकेश बगड़िया, राहुल बगड़िया, सुरेश बगड़िया, मनीष अग्रवाल सहित कमल बगड़िया उपस्थित थे।

# शव के साथ लगा जाम आठ घंटे के बाद हटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पैंकी में 11 हजार बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से भीम महतो की मौत के बाद शव के साथ मुआवजा और नौकरी की मांग को लगी जाम को समझौते के बाद समाप्त हो गया। जिसके बाद आठ घंटे से लगी जाम को हटाकर कुजू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा। समझौते में मृतक के पुत्र जितेंद्र महतो और पंकज महतो को अस्थाई रूप से बिजली विभाग में नौकरी, ऊर्जा विभाग के नियमानुसार पांच लाख रुपया देने की सहमति, मृतक के अंतिम संस्कार और सहानुभूति के तौर पर विभाग द्वारा एक लाख रुपया, संबंधित जर्जर तार को 24 घंटे के अंदर बदलने के आश्वासन दिया गया। मौके पर एसडीओ प्रभास कुमार, विधायक निर्मल महतो, सीओ विमल सिंह, झामुमो नेता राजकुमार महतो, जेएलकेएम नेता रवि कुमार महतो, रूपा महतो, लीलावती देवी, निवर्तमान पार्षद चीतु महतो, मनोज महतो, नीलकंठ महतो समेत विभिन्न पार्टी के नेता और ग्रामीण तथा पुलिस की मौजूदगी में बिजली विभाग और आश्रित परिवार के बीच समझौता की गयी। मालूम हो कि तेतरिया टोला पैंकी निवासी 52 वर्षीय भीम महतो पिता स्व जानकी महतो पुल के नीचे से शौच कर वापस लौट था। इसी बीच प्रवाहित 11 हजार के बिजली तार की चपेट में आ आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। जहां आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने 50 लाख रुपया मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया था।

# सदर अस्पताल रामगढ़ में होगी अब कैंसर मरीज की जांच

**अब हर सप्ताह सदर अस्पताल में बैठेंगे कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ सतीश शर्मा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले वासियों को अब कैंसर संबंधित जांच कराने रांची का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ सतीश शर्मा हर रविवार को सदर अस्पताल में बैठेंगे। डॉ सतीश शर्मा रोगियो का इलाज निशुल्क करेंगे। उनका बैठने का समय हर गुरुवार को सुबह 10:30 बजे से लेकर दिन के 2:30 बजे बैठेंगे। जिसे लेकर गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सीएस डॉ महालक्ष्मी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मेडिकल ऑंकोलॉजिस्ट डॉ सतीश शर्मा ने कहा कि अब कैंसर का इलाज संभव है। जरूरी है शुरुआत में ही इसकी पहचान हो जाये और समय से सही इलाज शुरू हो जाये। डॉ शर्मा ने कहा कि मैं यही कुजू रामगढ़ का स्थानीय निवासी हूं? और समाज सेवा में रुचि रखता हूं। इसलिए अपने जिला वासियों को कैंसर से संबंधित रोगों के इलाज में भगवान महावीर मेडिकल अस्पताल की तरफ से लगातार सेवा देता रहूंगा। सर्जिकल ऑंकोलॉजिस्ट डॉक्टर संदीप कुमार ने कहा कि कैंसर की शुरुआत में ही पहचान हो जाने से उसकी सर्जरी हो जाती है और अब रेडिएशन और कीमोथेरेपी का नए तकनीक आ चुका है इसलिए कैंसर का इलाज संभव है जरूरत है जागरूकता के और इसीलिए आज हम सदर अस्पताल रामगढ़ में उपस्थित 55 सहियाओ को इससे संबंधित प्रशिक्षण भी मुहैया करा रहे हैं ताकि वह अपने क्षेत्र में किसी भी मरीज के लक्षण को जानते हुए तुरंत हमसे सदर अस्पताल रामगढ़ में संपर्क करें और समय से उसका इलाज संभव हो पाये। आज के इस आयोजन को जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला कुष्ठ रोग पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी ने भी संबोधित किया।

**प्राइवेट विशेषज्ञ चिकित्सकों का भी सेवा ले रहा है सदर अस्पताल :** उपाधीक्षक डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि हम प्रयासरत हैं की सदर अस्पताल रामगढ़ में सरकारी चिकित्सको के साथ-साथ प्राइवेट विशेषज्ञ चिकित्सकों का भी सेवा ले। अंत में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने आमजन से अपील की है कि जिसे भी स्तन में गांठ हो, लंबे समय से लिकोरिया की शिकायत हो या अत्यधिक रक्त स्त्राव की समस्या हो, वजन घट रहा हो, मुंह के अंदर उजाला या लाल छाला आ रहा हो और मुंह खोलने में परेशानी हो रही हो, शरीर में जगह-जगह लिंफ नोड हो, बिना समय गंवाए सदर अस्पताल रामगढ़ में आकर कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपना इलाज करायें। आज के इस कार्यक्रम में कल 36लोगों का इलाज किया गया, जांच की गयी, जिसमें अधिकांश मरीजों में ब्रेस्ट लंप और ल्यूकोरिया के शिकायत पायी गयी।

## सोनाराम मांझी बने झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य, दी बधाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरीमारी भुरकुंडवा निवासी विस्थापित नेता सोनाराम मांझी को पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किया गया। इसके लिए श्री मांझी ने पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन, नवनिर्मित केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी वरिष्ठ नेतागण का आभार व्यक्त किया। रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13 वां केंद्रीय महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद सोनाराम मांझी ने कहा कि नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। पार्टी ने मुझे दायित्व देकर जो सम्मान दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करुंगा। आगे झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना मेरा लक्ष्य है।वहीं सोनाराम मांझी को पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई देने वालों में सूरज बेसरा, संजय करमाली, गणेश गंझू,जीतन मुंडा, मोहन सोरेन, बिनोद हेंब्रम, दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रम, मिथुन सोरेन, अजय मरांडी, अजय करमाली, रविन्द्र सोरेन, अजय बेसरा, रमेश, संजय सोरेन, विनोद सोरेन, सुखराम बेसरा, आनंद बेसरा सहित कई लोग शामिल हैं।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में गुरूवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु और संचालन केंद्रीय संगठन सचिव लखन अग्रवाल ने किया। आगामी 23 अप्रैल को रांची राजभवन के समक्ष आयोजित वैश्य अधिकार महाधरना की तैयारी को लेकर यह बैठक रखी गयी थी। बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि सरकार ओबीसी और वैश्यों के साथ छल कर रही है। चुनाव के वक्त सभाओं में वादा करती है और फिर अपने वादे से मुकर जाती है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापसी, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने आदि मुद्दों पर वैश्य मोर्चा लगातार आवाज उठा रही है, लेकिन सरकार इतनी बड़ी आबादी वाले समाज की मांगों को दरकिनार कर रही है। यह लोकतंत्र और संविधान का अपमान है। सरकार को इसका जवाब लोकतांत्रिक लड़ाई से ही दिया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि वैश्य दिवस के अवसर पर रांची के राजभवन के समक्ष 23 अप्रैल को आयोजित वैश्य अधिकार महाधरना में रामगढ़ जिला से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य संजय साहु ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव (बड़कागांव), प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु (रांची), रामाशंकर राजन (हेसालौंग), मुख्य प्रवक्ता बीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, अशोक साव, रघु साहु, धनेश्वर साव, मैनेजर प्रसाद, संजय प्रसाद, दीपक प्रसाद, अनिल साव आदि उपस्थित थे।

## टीबी रोगियों को दी गयी पोषण की टोकरी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र टंडवा के सभागार में प्रखंड स्तर पर टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा डॉ. सुदीप कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान 38 उपचारत टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत मरीजों के बीच पोषण टोकरी पोषाहार का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया की यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत की टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कर दवा का सेवन करना है। यक्ष्मा मरीजों को समय पर जांच और नियमित दवा के सेवन से टीबी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी बीपीएम उदय तिवारी, सीटीएस सुधांशु कुमार, बीडीएम दीपेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अविषेक कुमार, आनंद कुमार, सुरेंद्र कुमार, अख्तर हुसैन सीनी संस्था से ओमप्रकाश शर्मा, मुंतजिर, अमरजीत और यक्ष्मा रोगी व परिजन उपस्थित थे।

## सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी कन्हाई पांडेय ने सदर थाना में आवेदन देकर सात लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जिसमें लाईन मोहल्ला ग्वालटोली निवासी दिलीप गोप, पुष्कर गोप, जयकी यादव, कुंदन यादव, प्रिंस यादव, राजन गोप और संतोष निषाद का नाम शामिल है।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या:** ईएल/04/खुली/2025-26 **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद मंडल के विभिन्न सेवा भवनों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि: नौ माह) **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 7,78,46,813.10 **(3) विड सिक्युरिटी:** रू. 5,39,200.00 **(4) विड मूल्यांकन प्रणाली:** एक पैकेट प्रणाली **(5) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तिथि: दिनांक 07.05.2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 07.05.2025 को 11:30 बजे के बाद। **(6) वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0109/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/28

**पूर्व तट रेलवे**

**'ई' प्रॉक्योरमेंट प्रणाली**

निम्नलिखित निविदाएँ वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

निविदा सूचना सं. PCMM/EP/2025-26/02, दिनांक:15.04.2025

**01. निविदा सं. 04252409 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : 25 किलोवाट, 110/130V डीसी ब्रशलेस अल्टरनेटर, **मात्रा** : 54 संख्यक

**02. निविदा सं. 03251794 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक सॉक एब्जॉर्बर, **मात्रा** : 1365 संख्यक

**03. निविदा सं. 03253928 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : ब्रेक पैड का सेट, **मात्रा** : 20725 सेट

**04. निविदा सं. 03253794 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : एक्सल बॉक्स पाइवोट बुश, **मात्रा** : 5515 संख्यक

**05. निविदा सं. 04245133 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : जॉइंट लेस गृव्ड कॉपर कंटेक्ट वायर, 107Sq.mm., **मात्रा** : T.S. के अनुसार

**06. निविदा सं. 03251138 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : फीड पाइप के लिए होज कपलिंग, **मात्रा** : T.S. के अनुसार

**07. निविदा सं. 06245370 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : नई डिजाइन थिक वेब स्विच एक्सपेंशन जॉइंट, **मात्रा** : T.S. के अनुसार

**08. निविदा सं. 03251043 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण** : लीवर आसेंबली, **मात्रा** : 3971 संख्यक

**निविदा खुलने की तिथि : 25.04.2025** (क्रम सं. 02 हेतु), **28.04.2025** (क्रम सं. 03 से 07 हेतु), **05.05.2025** (क्रम सं. 01 एवं 08 हेतु)।

संपूर्ण सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर**

PR-49/Q/25-26

# सिद्धारमैया की मुश्किल

कर्नाटक में जाति जनगणना की लीक हुई रिपोर्ट ने राज्य की राजनीति में तूफान ला दिया है। इस रिपोर्ट के तथ्यों पर उठाये जा रहे सवालों को छोड़ दें, तो भी राज्य की कांग्रेस सरकार के लिए इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। इससे सियासी और सामाजिक समीकरण पूरी तरह बदल जायेंगे, जिसका असर देश के बाकी राज्यों पर भी पड़ेगा। ऐसे में जब गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया अपनी कैबिनेट के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे, तो उनके सामने बहुत सारे सवाल होंगे।

**अनुमान से अलग आंकड़े :** रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी अनुमान से ज्यादा है। ओबीसी के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ा कर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गयी है, लेकिन, सबसे ज्यादा विरोध हो रहा है, लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की ओर से, जिनकी जनसंख्या अनुमान से कम बतायी जा रही है। कर्नाटक की राजनीति में ये दोनों जातियां बेहद प्रभावी हैं। सामाजिक रूप से भी दोनों का खासा प्रभाव है।

**राहुल गांधी कई मौकों पर कह चुके हैं कि जिसकी जितनी आबादी है, उसकी उतनी ही हिस्सेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस पर कांग्रेस के भीतर से ही विरोध के सुर उठ रहे हैं। यह ऐसा मुद्दा है, जिसने जातीय आधार पर नेताओं की गोलबंदी कर दी है।**

**जातीय गोलबंदी :** कांग्रेस के सामने मुश्किल यह है कि वह जाति जनगणना का समर्थन करती रही है। राहुल गांधी कई मौकों पर कह चुके हैं कि जिसकी जितनी आबादी है, उसकी उतनी ही हिस्सेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस पर कांग्रेस के भीतर से ही विरोध के सुर उठ रहे हैं। यह ऐसा मुद्दा है, जिसने जातीय आधार पर नेताओं की गोलबंदी कर दी है। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने अपने धड़े के विधायकों के साथ मुलाकात की है, ताकि कैबिनेट मीटिंग में सही ढंग से पक्ष रखा जा सके।


**रिपोर्ट पर सवाल :** सिद्धारमैया और कांग्रेस के सामने अपनों को मनाने की ही नहीं, रिपोर्ट को विश्वसनीय दिखाने की भी चुनौती है। आरोप लग रहे हैं कि रिपोर्ट को वैज्ञानिक तरीके से नहीं तैयार किया गया है। कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सर्वे टीम उनके घर नहीं पहुंची तो फिर रिपोर्ट कैसे तैयार की गयी? यह भी कहा जा रहा है कि कई उपजातियों ने आरक्षण का फायदा लेने के लिए खुद को अलग कैटिगरी में दर्ज करा दिया। ये दोनों ही बिंदु गंभीर हैं और सरकार को इन्हें जरूर देखना चाहिए।

**कानूनी अड़चन :** रिपोर्ट के आधार पर कर्नाटक में कुल आरक्षण करीब 75% तक हो जायेगा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% की सीमा से कहीं अधिक। यानी, कानूनी अड़चन भी आ सकती है। ऐसे में कांग्रेस सरकार की राह बहुत मुश्किल होने वाली है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

इस समय भारत अब  कला और संहिता के चौराहे पर है और एक बार फिर सड़क का यह दोराहा घर की ओर ले जाता है। एक सॉफ्ट पावर जो प्रस्फुटित होने के इंतजार में बहुत लंबे समय तक, भारतीय सिनेमा को या तो बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस या इसके अंतर्राष्ट्रीय समारोहों की स्वीकृति से मापा जाता था। यह एक संकीर्ण दृष्टिकोण था। हम जिस चीज से चूक गए, वह थी शांत शक्ति जो बीच में निहित थीः लोक यथार्थवाद, आदिवासी मिथक, इंडी एनीमेशन, जमीनी स्तर पर गेमिंग - ऐसे रूप जो 90 के दशक में विपणन योग्य नहीं थे, लेकिन आज उपार्जन के योग्य हैं।

# द रिपब्लिक ऑफ स्टोरीटेलिंग : इस क्षेत्र में अगली सफलता भारत के पूर्व से क्यों आनी चाहिए



फिरदौसुल हसन



हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जहां एक शांत क्रांति जारी है। यह उस तरह का नहीं है जो सुर्खियों में रहे या सोशल मीडिया पर छा जाये - बल्कि यह उस तरह का है जो सतह के नीचे गूंजता रहे। यह सब साधारण संपादन कक्षों में हो रहा है, उधार लिए गए लैपटॉप द्वारा संचालित एक्सआर लैब्स में, शयनकक्षों में जहां सिलचर का एक 22 वर्षीय युवक अपनी दादी की युद्ध की यादों के बारे में एक कहानी को एनिमेट करता है। यह उन गाँवों में हो रहा है जहाँ बच्चे अपने स्मार्टफोन पर बांग्ला जासूसी श्रृंखला का आनंद लेते हैं और उन स्टूडियो में भी जहां तमिल स्क्रिप्ट को एआई द्वारा 17 भारतीय भाषाओं में डब किया जा रहा है।

इस समय भारत अब  कला और संहिता के चौराहे पर है और एक बार फिर सड़क का यह दोराहा घर की ओर ले जाता है। एक सॉफ्ट पावर जो प्रस्फुटित होने के इंतजार में बहुत लंबे समय तक, भारतीय सिनेमा को या तो बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस या इसके अंतर्राष्ट्रीय समारोहों की स्वीकृति से मापा जाता था। यह एक संकीर्ण दृष्टिकोण था। हम जिस चीज से चूक गए, वह थी शांत शक्ति जो बीच में निहित थीः लोक यथार्थवाद, आदिवासी मिथक, इंडी एनीमेशन, जमीनी स्तर पर गेमिंग - ऐसे रूप जो 90 के दशक में विपणन योग्य नहीं थे, लेकिन आज उपार्जन के योग्य हैं।

**वेव्स 2025 में क्रिएटर्स, कोडर्स, प्रोड्यूसर्स और नीति निमार्ता एकत्रित होंगे।**

वर्तमान सरकार को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने इस बड़े बदलाव को जल्दी महसूस किया और इस पर स्पष्टता और मजबूत इरादे के साथ इस पर काम किया है। वेव्स 2025, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और वेवएक्ससेलेटर जैसी पहलें केवल नीति-स्तर के संकेत नहीं हैं। ये घोषणाएं हैं कि भारत की रचनात्मक पूंजी अब एक राष्ट्रीय संपत्ति है और किस्से-कहानीयों को सुनाना अब संस्कृति का एक सजावटी उप-उत्पाद नहीं है, बल्कि कूटनीति, नवाचार और अर्थव्यवस्था का एक इंजन है।

क्योंकि कहानी सुनाना अब केवल भावनात्मक मुद्रा नहीं है-यह आर्थिक पूंजी बन गया है। अकेले एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के 2025 तक 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो सालाना लगभग 17 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ओटीटी सामग्री की खपत में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें क्षेत्रीय कंटेंट अब कुल दर्शकों का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बना रहा है (फिक्की-इवाइ 2024)।

यह कोई एक प्रवृत्ति नहीं है। यह एक नयी सामग्री अर्थव्यवस्था आकार ले रही है और इस बार, यह बहुभाषी और बहु-भौगोलिक।

**मिथक से बाजार तकः पूर्व जागृत हो राजा है :** आइए अब स्पष्ट रूप से बात करें। यदि भारत वास्तव में दुनिया की कंटेंट राजधानी बनना चाहता है, तो वह केवल मुंबई-दिल्ली केंद्रित नहीं रह सकता। वैश्विक किस्से-कहानीयों को कहने की अगली सफलता पूर्व और उत्तर-पूर्व से आनी चाहिए - उन भूमियों से जिन्होंने लंबे समय से भारत को उसकी सबसे मौलिक साहित्यिक, संगीतमय और दार्शनिक आवाजें दी हैं।

ये क्षेत्र अविकसित नहीं हैं। बल्कि वे कम जुड़े हैं। उनके पास कहानियों की कमी नहीं है। वह मौलिकता से भरे हैं - आओ और खासी के मौखिक रहस्यवाद से लेकर बांग्ला सिनेमा के गीतात्मक यथार्थवाद तक, संथाल महाकाव्यों से लेकर बोडो विज्ञान-कथा रूपकों तक।

ऐतिहासिक रूप से उनके पास संरचनात्मक बाजारों, किफायती उपकरणों, वितरण और सही प्लेटफार्मों तक पहुंच की कमी रही है। शुक्र है कि यह बदलने लगा है।

आज, कोलकाता इस अप्रयुक्त प्रतिभा के गलियारे के लिए एक रणनीतिक प्रवेशद्वार के रूप में उभर रहा है।

प्रोडक्शन के लिए तैयार स्टूडियो, प्रशिक्षित तकनीशियनों की प्रचुरता, विश्व स्तरीय पोस्ट सुविधाएं और  प्रयोग के साथ विरासत को मिलाने वाली बौद्धिक संस्कृति के साथ, बंगाल भारत का अगला विशाल कंटेंट केंद्र बनने के लिए तैयार है। इसके अलावा असम, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से इसकी निकटता को भी जोड़ लें, तो हम एक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक रचनात्मक इकोसिस्टम को देख रहे हैं, जो सक्रिय होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

स्थानीय लोग? आश्चर्यजनक। लागतें? प्रबंधनीय। क्रू सदस्य? बेहतर प्रदर्शन के लिए अति उत्साही। बुनियादी ढांचा? तेजी से वृद्धि।

**कहानी कहने से लेकर कहानी-वास्तुकला तक**

डिजिटल युग में, कहानियां द एंड पर नहीं रुकती हैं। वे नये प्रारूपों में शामिल होते हैं - मीम्स, गेम्स, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ्स, इमर्सिव प्रदर्शन, एआर अनुभव। कंटेंट अब एक ही तरह का नहीं है - यह लगातार चलने वाला, संवादात्मक, गतिशील है। और भारत, तकनीकी प्रवाह और कलात्मक शैली के अपने दुर्लभ मेल के साथ, इस युग के लिए विशिष्ट रूप से सुसज्जित है।

हमारा देश ऐसे कवियों का देश हैं जो कोड लिखते हैं। हमारे फिल्म निमार्ता पद्य और वाक्य रचना में सोचते हैं। हमारे एनिमेटर रूपक से एल्गोरिदम का निर्माण करते हैं। जब एक मणिपुरी एक्सआर कलाकार जनजातीय स्मृति का एक वॉक-थ्रू संग्रहालय बनाता है, या जब एक बांग्ला एआई स्टार्टअप ग्रामीण लेखकों की स्क्रिप्ट को मोशन कॉमिक्स में बदलने में मदद करता है, तो यह सहायता नहीं है-यह सिनेमा का एक नया व्याकरण है.. और यह अभी लिखा जा रहा है।

**रचनात्मक वर्ग पर सरकार का शांत दांव**

हाल की स्मृति में पहली बार भारत सरकार न केवल वाणिज्य या बुनियादी ढांचे पर, बल्कि राष्ट्रीय क्षमता के रूप में रचनात्मकता पर बड़ा दांव लगा रही है।

अनुदान, स्टार्टअप प्रोत्साहन, सह-निर्माण प्लेटफार्मों और वेव्स जैसे आयोजनों के माध्यम से अब सबको सपने देखने का अधिकार दिया जा रहा है। यह बताया जा रहा हैः नेटफ्लिक्स पर फिल्म बनाने के लिए आपको फिल्म पारिवारिक विरासत से होने की आवश्यकता नहीं है। आप जोरहाट या जलपाईगुड़ी से भी हो सकते हैं। आपको अब जुहू के गलियारों में भटकने की जरूरत नहीं है। आपको एक कहानी की जरूरत है - और एक ऐसे ढांचे की जो उसे आगे बढ़ाने में मददगार हो।

**और यहां एक विनयपूर्ण सुझाव हैः** जिस तरह इस सरकार ने कूटनीति और प्रौद्योगिकी में भारत को एक सॉफ्ट पावर महाशक्ति के रूप में पुनः स्थापित किया है, अब एक कदम और आगे जाकर - इन शिखर सम्मेलनों को महानगरों से आगे ले जाना चाहिए।

अगली बार वेव्स का आयोजन कोलकाता में हो। अगली एनीमेशन लैब की मेजबानी गुवाहाटी में हो। अगरतला में भारत का पहला आदिवासी कहानी बाजार शुरू किया जाए। क्योंकि जब इन क्षेत्रों के रचनाकार देखेंगे कि राष्ट्रीय सुर्खियां केवल कुछ लोगों के लिए ही आरक्षित नहीं हैं, तो वे आगे बढ़ेंगे। और उनके साथ भारत का उदय होगा।

**पैमाने की संस्कृति, केवल दायरा नहीं है**

लेकिन कहानी कहने के इस प्रजातंत्र को फलने-फूलने के लिए, हमें इस उद्योग में भी विकसित होना होगा। हमें गेटकीपिंग से लेकर मचान की ओर आगे बढ़ना होगा। कहानियों के स्वामित्व से लेकर कथाकारों को सक्षम बनाने तक। आरओआई क्या है? यह पूछने से लेकर, इस प्रतिभा को नजरअंदाज करने का जोखिम क्या है? तक।

क्योंकि अगर हम अब इस कथा वास्तुकला का निर्माण नहीं करते हैं, तो कोई और करेगा। और हम उस अर्थव्यवस्था में पिछड़ जायेंगे, जिसका नेतृत्व हम कर सकते थे।

**भविष्य बहुआयामी है और यह दुनिया भर की आवाजों से प्रभावित होगा**

वेव्स 2025 में क्रिएटर्स, कोडर्स, प्रोड्यूसर्स और नीति निमार्ता एकत्रित होंगे। यह इमर्सिव तकनीक, ओरिजिनल आइपी और भारत की नैरेटिव नर्व को प्रदर्शित करेगा। लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव इसमें नहीं है कि इसका मंचन किया गया है, बल्कि इसमें है कि यह क्या संकेत देता है। वैश्विक मनोरंजन का अगला अध्याय केवल अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश या कोरियाई भाषा में नहीं लिखा जाएगा। यह असमिया, बांग्ला, नागामी, उड़िया, नेपाली, मिजो या गारो में उपलब्ध होगा - यूनिटी में निर्मित, कोड से युक्त, 4ड में स्ट्रीम किया जाएगा तथा दुनिया भर के लिए सबटाइटल के साथ उपलब्ध होगा।

दुनिया अब पूर्व की ओर देखेगी। और जब ऐसा होगा, तो भारत को इसके लिए तैयार रहना होगा। केवल आयोजनों के साथ नहीं। बल्कि पहुंच, समानता और उत्कृष्टता की स्थायी संरचनाओं के साथ।

**(लेखक : भारतीय फिल्म निर्माता; अध्यक्ष, भारतीय फिल्म महासंघ अध्यक्ष, बंगाल फिल्म और टेलीविजन चैंबर ऑफ कॉमर्स हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## कल्पनापुरी की आद्या सिंह को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में मिली सफलता



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** कल्पनापुरी की रहने वाली आद्या सिंह ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन की। गुरुवार को जब आद्या अपने ननिहाल पहुंची, तो परिवारजनों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की।आद्या ने शेन इंटरनेशनल स्कूल, कांड्रा से स्कूली शिक्षा प्राप्त की। वह एक नेशनल लेवल बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं। अब वह इंडियन नेवी में ऑफिसर बनने जा रही हैं।उनकी इस उपलब्धि पर उनके नाना अरविंद कुमार सिंह (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी), नानी श्रीमती शशिकला सिंह (प्रख्यात शिक्षिका) और मामा-मामी सहित पूरे परिवार में उत्सव का माहौल है। आद्या के तीनों मामा भी प्रतिष्ठित स्थानों पर कार्यरत हैं।सफलता पाने वाली आद्या ने इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर, अपने नाना-नानी, मामा और पूरे परिवार को दी। उन्होंने बताया  मेहनत का फल कभी बेकार नही जाता। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और निरंतर परिश्रम किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।उन्होंने नए अभ्यर्थियों को संदेश देते हुए कहा अपने गुरुओं और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ईमानदारी से पालन करें, तभी आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे।आद्या की सफलता से कल्पनापुरी मुहल्ले में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मोहल्ले के लोगों ने भी गर्व और उत्साह के साथ उन्हें बधाई दी।

## वाहन की चपेट में आने से युवती की मौत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र निवासी जोबा रानी सोरेन की गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जोबा रानी सोरेन मुसाबनी से सुबह लगभग 10 बजे जमशेदपुर जाने के लिए घर से निकली थीं। एनएच-33 पर पिपला के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटना हो गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से घायल को एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दी। मृतका का जोबा रानी सोरेन मुसाबनी के पोस्ट ऑफिस में कार्यरत थीं। वे चार बहनों में से अपने परिवार की एक जिम्मेदार सदस्य थीं। उनका छोटा भाई भूषण सोरेन इस समय परिवार का एकमात्र सहारा है। जानकारी मिलने पर परिजनों ने एमजीएम अस्पताल पहुच कर अज्ञात वाहन की पहचान कर, दोषी चालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई और मृतक के परिवार को न्याय और सरकारी मुआवजा दिलाने के लिए जिला प्रशासन से  मांग की।

# गांव से निष्कासित 118 आदिवासी परिवारों ने सांसद और डीसी से लगायी पुनर्वास की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड स्थित 90 गांव के 15 गांव के ग्रामीण परिवारों को ग्राम सभा द्वारा कथित रूप से निष्कासित करने का मामला प्रकास में आया है। बीते लगभग एक वर्ष से निष्कासित परिवार के सैकड़ो ग्रामीण परिवार बेघर और बेसहारा होकर जीने के लिए मजबूर हो गये हैं। ग्रामीणों ने न्याय की आस में प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक अपनी गुहार लगा रहे हैं। गुरुवार को सैकड़ो ग्रामीण पहले सांसद विद्युत वरण महतो से मिले उसके बाद सभी जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां जिला प्रशासन से पुनर्वास के लिए न्याय की गुहार लगाते नजर आये। ग्रामीण ठुकाई मार्डी ने बताया ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा द्वारा तुगलकी फरमान जारी कर उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया। उन्हें न तो किसी सरकारी योजना का लाभ मिल रहा, न ही उन्हें धार्मिक स्थलों पर प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इतना ही नहीं ग्राम सभा के निर्देश पर इनके बच्चों के साथ स्कूल में अन्य बच्चे बातचीत भी करना बंद कर दिया। इन परिवारों ने बताया वे सभी सरना धर्म के अनुयायी हैं। ग्राम सभा के मनमाने आदेशों का पालन न करने पर उन्हें सामाजिक बहिष्कार और निष्कासन का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि शीघ्र ही उन्हें पुनर्वास नहीं मिला तो वे सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य होंगे। यह मामला न केवल सामाजिक समरसता बल्कि संवैधानिक अधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है। ग्रामीणों ने सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाया। थक हार कर अब जिले के मालिक डीसी के पास पहुच कर कर न्याय के लिए मांग पत्र सौपा।

# बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 14 छात्रों का बीएसीइटी कैंपस में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिआ के 14 विद्यार्थी का हाई टेकनेक्स्ट टेलीकॉम एंड इंजीनियरिंग द्वारा बीएसीइटी कैंपस भर्ती में चयन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह खुशी जाहिर करते हुए कहा कोलकाता के मेसर्स हाई टेकनेक्स्ट टेलीकॉम एंड इंजीनियरिंग संचार क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित कंपनी है। चयन किये गये कॉलेज के होनहार छात्रों को रोजगार का अवसर प्रदान करना था। कंपनी द्वारा आयोजित इस कैंपस भर्ती ड्राइव में कुल 14 छात्रों का चयन किया गया।कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 7 छात्र, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 4 छात्र, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 2 छात्र और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 1 छात्र शामिल है। चयनित विद्यार्थियों में 11 पुरुष और 3 महिला उम्मीदवार हैं। चयन प्रक्रिया में छात्रों के तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक दृष्टिकोण और संचार कौशल को प्राथमिकता दी गई। श्री सिंह ने कहा हाई टेकनेक्स्ट टेलीकॉम एंड इंजीनियरिंग देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनियों में रिलायंस जियो, वोडाफोन को तकनीकी सहायता प्रदान करती है। चयनित छात्र जून 2025 तक कंपनी से जुड़ेंगे। कंपनी द्वारा छात्रों को आवास, वाहन सुविधा व आकर्षक पैकेज की पेशकश की गयी है। उन्होंने कहा पुरुष उम्मीदवारों को साइट इंजीनियर की भूमिका में नियुक्त किया जायेगा। जबकि महिला उम्मीदवारों को कोलकाता कार्यालय में मानव संसाधन एवं तकनीकी दस्तावेज की कार्य का जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। मौके पर छात्रों की इस उपलब्धि को देखते हुए कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह और सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## जुगसलाई गोलीकांड का मुख्य आरोपी सैफ अली उर्फ बच्चा गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों जुगसलाई थाना अंतर्गत महतो पाड़ा रोड में गोली कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। गुरुवार को घटना के नामजद अभियुक्त सैफ अली उर्फ बच्चा को कपाली से एक लोडेड देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर नायिक हिरासत में भेज दिया।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए विधि-व्यवस्था डीएसपी तौकीर आलम ने बताया बीते 6 अप्रैल को आपसी विवाद में जुगसलाई निवासी सैफ अली उर्फ बच्चा ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर हबीब नगर निवासी मोहम्मद अल्तमश पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें अल्तमश बाल-बाल बच गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैफ अली को कपाली से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डीएसपी ने बताया पूर्व में आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह हाल ही में जेल से बाहर आया था। पूर्व के विवाद को लेकर ही उसने इस घटना को अंजाम दिया।फिलहाल इस मामले में अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में साइबर पीस अवेयरनेस पर सेमिनार का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में साइबर पीस अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित सेमिनार में प्रमुख वक्ताओ में साइबर जागरूकता के प्रमुख अधिवक्ता नविता प्रसाद, साइबर थाना प्रभारी श्रीनीवास कुमार,राज्य समन्वयक साइबर पीस कॉर्प्स तारक दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई। नविता प्रसाद ने उद्घाटन भाषण में साइबर पीस अवेयरनेस की भूमिका और डिजिटल सुरक्षा की अनिवार्यता पर विस्तृत प्रकाश डाला। छात्रों को साइबर सुरक्षा, साइबर हाइजीन और डिजिटल नागरिकता के प्रति जागरूक किया। साथ ही डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव जैसे अहम विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## टेंपो पलटने से बुजुर्ग की मौत

मझिआंव (आजाद सिपाही)। बरडीहा थानांतर्गत सलगा तीन मुहान चौक के पास तिलक लेकर जा रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गया। यह हादसा विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल चालक को बचाने के क्रम में हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की रात पलामू जिलांतर्गत विश्रामपुर थाना के बघमनवा गांव से टेंपो पर सवार होकर कुछ लोग तिलक चढ़ाने कांडी थाना क्षेत्र के लमारी गांव जा रहे थे। पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया है।

## गढ़वा की टीम ने जामताड़ा को दस विकेट से हराया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में चल रहे हैं अंडर 16 का मैच गढ़वा बनाम जामताड़ा के बीच खेला गया, जिसमें जामताड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.4 ओवर में 63 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए गढ़वा की टीम 10 ओवर में 67 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया। मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशांत कुमार चौबे को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# गढ़वा से 17 नेताओं को झामुमो केंद्रीय समिति में मिली जगह

**13वें अधिवेशन में दिखी गढ़वा की मजबूत भागीदारी, संगठन को मिलेगा नया बल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 13वें केंद्रीय अधिवेशन में गढ़वा जिले को बड़ी राजनीतिक पहचान मिली है। पार्टी द्वारा घोषित नयी केंद्रीय समिति में राज्य के विभिन्न जिलों के साथ-साथ ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश से कुल 286 सदस्यों को स्थान दिया गया है। इनमें गढ़वा जिला से कुल 17 नेताओं को केंद्रीय समिति का सदस्य चुना गया है, जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

गढ़वा से शामिल किए गए प्रमुख नेताओं में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव का नाम सबसे ऊपर है। इन दोनों के साथ-साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ताल्लुक रखने वाले अन्य जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी समिति में स्थान दिया गया है। इनके नाम हैं : ताहिर अंसारी, तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, शंभू चंद्रवंशी, धीरज कुमार दुबे, नितेश कुमार सिंह, राज किशोर यादव, जेपी मिंज, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, जवाहर पासवान, शांति देवी, मदनी खान, संजीव कुमार भुईयां और कामेश्वर बैठा।

आगे संगठन का विस्तार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के द्वारा किया जायेगा। जिसमें केंद्रीय समिति सदस्यों में से कुछ निर्धारित लोगों को पार्टी की बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी जायेगी। गढ़वा से इतनी बड़ी संख्या में नेताओं का चयन यह दर्शाता है कि जिले में झामुमो की संगठनात्मक मजबूती लगातार बढ़ रही है। यह भी स्पष्ट संकेत है कि पार्टी नेतृत्व अब जिला स्तरीय नेताओं को राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे न केवल संगठन की मजबूती बढ़ेगी, बल्कि आगामी चुनावों में इसका सीधा असर दिखेगा।

नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह प्रतिनिधित्व केवल राजनीतिक पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। पार्टी की नीति, सिद्धांत और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब इन सभी सदस्यों पर है। संगठन को उम्मीद है कि ये सभी नेता अपनी भूमिका को ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचायेंगे। गढ़वा जिले में इस घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और इसे जिले के राजनीतिक भविष्य के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है।

# बालू अनलोड कर रहा ट्रक बिजली पोल से टकराया, एक की मौत, एक घायल



मृतक का फाइल फोटो।



सड़क जाम को लेकर ग्रामीणों का समझाते इंस्पेक्टर और अंचलाधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव में एक बालू लदा ट्रक के अनलोड करने के क्रम में बिजली पोल से टकराने से गांव के ही एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

समाचार के अनुसार पतिहारी गांव निवासी मुख्तार अंसारी का बालू अनलोड कर निकल रहे ट्रक ( ट्रेलर) CG 15 / EB 4023 ट्रेलर एक बिजली के पोल से टकरा कर गांव के युवकों के ऊपर गिर गयी, जिससे पतिहारी गांव के फैजान अंसारी और जमजम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे तत्काल ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल वंशीधर नगर भेजा गया, जहां 20 वर्षीय युवक फैजान की मौत हो गयी। वहीं जमजम अंसारी घायल बताया जा रहा है।

घटना गुरुवार के करीब दोपहर की है। ग्रामीणों के अनुसार गनीमत रही कि उस समय कुछ देर के लिए बिजली कटी हुई थी, नहीं तो कोई बड़ी घटना को टाला नहीं जा सकता था। मालूम हो कि उक्त ट्रक में बिहार के दाऊदनगर से बालू लोड कर पतिहारी लाया गया था। जिसको अनलोड करते वक्त हादसा हुआ।

सूचना पर विशुनपुरा अंचलाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार, इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी राहुल सिंह ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। इस बीच युवक की मौत की सूचना पर आक्रोशित ग्रामीणों ने श्री बंशीधर नगर विशुनपुरा मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण दोषियों को कड़ी सजा देने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, अजय पाल, झामुमो नेता माणिक सिंह, सुधीर सिंह सहित ग्रामीण सद्दाम अंसारी, शेखावत मियां, इशराफील अंसारी, आलम बाबू, ग्यासुद्दीन अंसारी प्रशांत विश्वास, अशफाक अंसारी, जलील अंसारी, मखरब अंसारी, औरंगजेब सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थिति थे। वहीं शाम छह बजे ट्रक मालिक के द्वारा मृतक के परिजनों को पचास हजार नगद मुआवजा और घायल को इलाज तथा एक लाख दूसरे दिन देने की बात पर ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया

# अर्जुन मुंडा का मेराल में भाजपाइयों ने गर्मजोशी से किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का मेराल बस स्टैंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एक निजी कार्यक्रम में गढ़वा से श्री बंशीधर नगर जाने के क्रम में मेराल प्रखंड के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लेकर उनके स्वागत में खूब नारे लगाए। इस दौरान श्री मुंडा ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनसे कुशल क्षेम पूछा तथा साथ में फोटो खिंचवाई। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, रूपू महतो, उदय कुमार कुशवाहा, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ लालमोहन, महेंद्र सिंह, अमित साह, राधेश्याम यादव, विजय प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, धनंजय शर्मा, शिव नारायण चौधरी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का चुनाव 28 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 28/04/2025 को नीलांबर पीतांबर बहुउदेशीय सांस्कृतिक भवन, गढ़वा के सभागार में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक निर्धारित किया गया है।

**चुनाव निम्नलिखित पदों के लिए आयोजित किया जायेगा**

- अध्यक्ष 1 पद
- उपाध्यक्ष 3 पद
- सचिव 1 पद
- सह सचिव 3 पद
- कोषाध्यक्ष 1 पद

1. नामांकन पत्र दिनांक 21/04/2025 से 22/04/2025 तक दोपहर 2:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक गढ़वा जिला क्रिकेट संघ सह चुनाव अधिकारी के कार्यालय सहिजना रोड, प्रिंस सेनेटरी, पुराना नगर परिषद कार्यालय के पीछे , गढ़वा से प्राप्त किया जा सकेगा।
2. नामांकन दिनांक 23/04/2025 से 24/04/2025 तक अपरहण 2:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक गढ़वा जिला क्रिकेट संघ सह चुनाव अधिकारी के कार्यालय सहिजना रोड, प्रिंस सेनेटरी, पुराना नगर परिषद कार्यालय के पीछे, गढ़वा में दाखिल किया जा सकेगा।
3. दाखिल नामांकन पत्रों की जांच दिनांक 25/04/2025 को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी के द्वारा कराई जाएगी तथा बैध उम्मीदवारों की की सूचि जारी कर दी जायेगी।
4. नामांकन दिनांक 26/04/2025 को अपरहण 2:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक वापस लिया जा सकेगा।
5. चुनाव दिनांक 28/04/2025 को नीलांबर पीतांबर बहुउदेशीय सांस्कृतिक भवन, गढ़वा के सभागार में सुबह 10:00 बजे से झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी राहुल ऋषि, अधिवक्ता, सिविल कोर्ट, गढ़वा के देख रेख में कराया जायेगा। चुनाव का समय सुबह 10बजे से 2 बजे तक होगा

# सड़क निर्माण ग्राइंडर वाहन के धक्के से महिला की मौत, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय थाना क्षेत्र अन्तर्गत रंका-रमकंडा मुख्य पथ के लिदीकंडा रोड में काम कर रहे ग्राइंडर वाहन के चपेट में आने से हसबुन बीबी (55 वर्ष) नामक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। इस संबंध में रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने आजाद सिपाही को बताया कि 17 अप्रैल 2025 को लगभग 11.00 बजे दिन में रंका- रमकंडा मुख्य पथ पर लिदीकंडा के पास रोड पर में काम करने वाली ग्राइंडर वाहन के चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया गया है। मौत की खबर सुनकर मानपुर पंचायत के मुखिया हासिम अंसारी, कलाम अंसारी, झामुमो नेता इरफान अंसारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ सड़क को जाम कर मुआवजा की मांग कर रहे थे। इसकी सूचना रंका थाना को मिलते के साथ थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, एस आई राजेश वर्मा सहित डीएसपी रोहित रंजन सिंह पहुंचे और मुआवजा दिलाने में सहयोग करने की आश्वासन देकर जाम को हटवाया और सड़क बनाने वाली कंपनी के मालिक को उचित मुआवजा के लिए बात की जिसे कंपनी ने स्वीकार कर लिया है। बताया जाता है कि उक्त महिला गरीब व परित्यकता थी और किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों की रोजी रोटी परवरिश कर रही थी।

# दो साल में ही धवस्त हो गयी मनरेगा योजना से बनी पुलिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के तेनवाखाड़ी टोला के समीप निर्मित पुलिया संवेदक की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। उक्त पुलिया निर्माण के साल भर बाद स्वत धवस्त हो गयी। पुलिया ध्वस्त होने से तेनवाखाड़ी टोला के लोगों के घरों तक चार पहिया वाहनों की आवागमन पूरी तरह से ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया ध्वस्त होने से नाराज स्थानीय ग्रामीण करेश यादव, गोरख यादव, बंशीधर यादव, बच्चू यादव, शक्ति सिंह, नंदकुमार यादव सहित अन्य लोग ने बताया कि मनरेगा योजना की तहत चार लाख 99 हजार की लागत से रेलवे गेट से लेकर तेनवाखाड़ी तक पथ निर्माण में पुलिया का भी निर्माण कराया गया था, पुलिया का निर्माण कार्य के दौरान संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना है, कि बालू के जगह मिट्टी का उपयोग किया गया है, इसलिए पुलिया धवस्त हो गयी है। युवा समाजसेवी करेश यादव ने बताया कि इस टोले के लोगों को शादी विवाह, बीमारी या अन्य कामों को लेकर दो पहिया या चार पहिया वाहनों से अस्पताल जाने तथा अन्य जगहों पर जाने के लिए उक्त पुलिया ही एकमात्र आवागमन का साधन था, जिसके धवस्त हो जाने से टोले के लोगों के काफी चिंता बढ़ गयी हैं।

# बरडीहा में आग लगने से 5 लाख की संपत्ति जलकर राख



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव निवासी कपिल देव रजवार के खपरैल मकान में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे आग लगने से घर सहित लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी। इस घटना की सूचना तत्काल थाना एवं अंचल कार्यालय को दी गयी। घटना के संबंध में घर मालिक कपिल देव रजवार ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे अचानक उनके घर में आग लग गयी। जब ग्रामीणों ने शोर मचाया तो लोग डीजल पंप चलाकर आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग से घर में रखा लगभग 5 क्विंटल गेहूं, 2 क्विंटल चावल, दाल, खाने-पीने के बर्तन, बिजली का मोटर पंप, पंप सेट सहित कई अन्य जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गया। हालांकि, समय रहते बकरी समेत अन्य मवेशियों को खोलकर बाहर निकाल लिया गया। परिवार के सदस्य रोते-बिलखते हुए प्रशासन से न्याय और सहयोग की गुहार लगा रहे हैं। वहीं, इस संबंध में थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिलते ही वे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पीड़ित परिवार का सन्हा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने बताया कि आग लगने से गरीब परिवार पर विकट परिस्थिति आ गयी है। हल्का कर्मचारी से जांच के बाद मिलने वाला सरकारी लाभ उन्हें हरसंभव दिलाया जायेगा और आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## मां भगवती का प्राण प्रतिष्ठा आज

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राणाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगड़ा गांव में नव निर्मित मां भगवती देवी महामंदिर का अचल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से आरंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में शामिल स्त्री पुरुष व छोटे बच्चे हाथों में कलश लिये कलश यात्रा में शामिल हुए। बनारस से पधारे विद्वान पंडित आचार्य बालेंद्र पांडेय ने सभी कर्मकांड व पूजन संपन्न कराये। जबकि मुख्य यजमान के रूप में विनोद मिस्त्री, विनोद राम, अर्जुन माली, दया राम व कृपानी राम हैं। छः दिनों तक चलने वाला इस प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत 18 अप्रैल शुक्रवार को वेदी पूजन अन्नाधीवास, शनिवार को फलाधिवास, वस्त्राधिवास, धूपाधीवास, गंधाधिवास व पुष्पाधिवास होगा। रविवार को नगर भ्रमण व रात्रि में सैयाधिवास न्यास, सोमवार को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम संपन्न होगा।

# जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में छात्रों को आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाला अग्नि शमन सेवा सप्तह के अंतर्गत आज जीएन कॉन्वेंट स्कूल में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी मंटु सिंह सहित उनके अन्य सहयोगियों के द्वारा आग से बचाव एवं नियंत्रण के लिए विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सबसे पहले स्कूल के निदेशक ने इस तरह के प्रशिक्षण के लिए अग्निशमन विभाग को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यदि सावधान न हो तो आग कभी भी और कहीं भी पकड़ सकता है और जानमाल को क्षति हो सकता है। वहीं अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने व्यक्त किया कि आज आने वाला मौसम सूखा है जिससे लकड़ी, पुवाल, पेट्रोल, डीजल, घर में खाना बनाने के समय उपयोग में आने वाले एलपीजी गैस या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि दहनशील में अनदेखी होने पर आग लगना स्वाभाविक हो सकता है। सभा का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक कृष्ण कुमार ने की। इस कार्यक्रम का अवलोकन कक्षा पांचवी से लेकर 11 वीं के छात्र-छात्राओं ने की।



## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 01 / 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24/04/2025 एवं 25/04/2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 24/04/2025 एवं 25/04/2025 (अपराह्न 3.00 बजे से कार्यालय अवधि तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 26/04/2025. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 26/04/2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– पर्यटन एवं अकांक्षी मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Step Work and Railing Work River Site, At-Dewaki Babadham | घाघरा | 1095500.00 | 2500.00 | 22000.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of G.S Sheet Shed and Platform, At-Dewaki Babadham | घाघरा | 573850.00 | 1250.00 | 11500.00 | 3 माह |
| 3 | Construction of G.S Sheet Kitchen Shed, At-Dewaki Babadham | घाघरा | 577000.00 | 1250.00 | 11600.00 | 3 माह |
| 4 | Construction of Shed Cum Sitting Arrangement, At-Dewaki Babadham | घाघरा | 886500.00 | 1250.00 | 17800.00 | 3 माह |
| 5 | Construction of High Mast Light and Street Light, At-Dewaki Babadham | घाघरा | 510200.00 | 1250.00 | 10300.00 | 3 माह |
| 6 | Construction of Slope Work and Platform, At-Tourist Place Masaria Dam | घाघरा | 2178700.00 | 5000.00 | 44000.00 | 3 माह |
| 7 | Beautification and Repair Work of Tourist Place, At-Anjan Dham | घाघरा | 1342200.00 | 2500.00 | 27000.00 | 3 माह |
| 8 | विशुनपुर प्रखण्ड के ग्राम बलातूपाठ में आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | विशुनपुर | 1131800.00 | 2500.00 | 23000.00 | 4 माह |

1. भवन निर्माण विभाग एवं जिला परिषद, गुमला झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा), परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट** निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट एकरारनामा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–
   (1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा
   (2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 350550 Rural Development(25-26).D


## स्कूली बच्चे जान हथेली पर रखकर शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में स्कूली बच्चे जान हथेली पर रखकर शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर हैं। यहां के ग्रामीण इलाकों से विद्यालय जाने वाले बच्चे हर दिन खतरे से खेलते हुए ओवरलोडेड टेंपू में सफर करते हैं। टेंपू में बैठने की जगह न होने पर बच्चे खड़े रहकर या बाहर लटककर यात्रा करते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि टेंपू चालक अधिक पैसे कमाने के लालच में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को गाड़ी में ठूंस देते हैं, न तो उन्हें बच्चों की सुरक्षा की चिंता होती है, और न ही ट्रैफिक नियमों का पालन किया जाता है।

# बुजुर्ग दंपति के घर राशन लेकर पहुंचे एसडीओ

**प्राप्त सूचना पर संज्ञान लेकर पेंशन, राशन, आवास आदि की जानकारी ली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार गुरुवार को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एक सूचना के आलोक में अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर पतहरिया गांव पहुंचकर अत्यंत वृद्ध दंपत्ति भुलाई बियार तथा मूर्ति देवी के घर पहुंचे।

दरअसल समाचार पत्र, वेब पोर्टल और सोशल मीडिया के माध्यम से उन तक सुबह जानकारी पहुंची थी कि किसी बुजुर्ग दंपत्ति को राशन और पेंशन को लेकर गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इस पर संज्ञान लेकर वे दोपहर में पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया गांव की तेतरिया बस्ती निवासी उक्त बुजुर्ग दंपति के घर स्वयं पहुंच गये। वे अपने साथ संबंधित पदाधिकारियों सहित राशन के साथ पहुंचे थे। उन्होंने जाते ही सर्वप्रथम राशन प्रदान किया तदुपरांत बुजुर्ग पति-पत्नी का हाल-चाल पूछ उनकी आर्थिक स्थिति, उनके स्वास्थ्य, उनकी देखभाल कर्ता के अलावा उनकी पेंशन, आवास और राशन कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

जांच के क्रम में प्राप्त तथ्यों के अनुसार उक्त दंपति की पेंशन राशि बकाया नहीं है, मार्च तक की राशि उनके खाते में जा चुकी है, किंतु किसी बायोमेट्रिक परेशानी के चलते वे बैंक से अपना पैसा नहीं निकल पा रहे थे, इस पर तत्काल मौके पर ही एसडीएम ने एसबीआई स्टेट बैंक शाखा के संबंधित प्रबंधक को फोन कर नियमानुसार समस्या निदान का निर्देश दिया। संबंधित बैंक प्रबंधक ने उक्त तकनीकी समस्या का तुरंत समाधान कर दिया। बुजुर्गों का राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। राशन कार्ड में नाम जुड़ने तक संबंधित दंपति को हर माह ससमय राशन उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के लिए बीडीओ तथा सीओ को निर्देश दिया गया। संजय कुमार ने लौटते समय उन बुजुर्ग माता जी को दवाई आदि खरीदने के लिए अपने स्तर से छोटी सी राशि भी उपलब्ध करवाई।

संजय कुमार ने बुजुर्ग दंपति के बेटों से भी कहा कि वे उनका पूरा ध्यान रखेंगे, किसी भी रूप में यदि उनको दिक्कत परेशानी होती है तो वे सीधा अनुमंडल कार्यालय या प्रखंड कार्यालय को सूचना देंगे। इस दौरान स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# कामता-सेरक सड़क मरम्मत में कम सामग्री के उपयोग का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड क्षेत्र के कामता-सेरक पथ मरम्मती कार्य डस्ट और छरी की मात्रा काफी कम है। इसके बाद भी अलकतरा बिछाकर कार्य पूर्ण किया जा रहा है, शिकायत के बाद इसे देखने वाला कोई नहीं है, ऐसे में कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बार बार बन रहे इस घटिया निर्माण कार्य को ठीक कराने की गुहार जिला प्रशासन से कई बार की गयी इसके बाद भी इसपर सुधार नहीं हुआ। ऐसे में अब जिला प्रशासन को घटिया निर्माण कार्य करने वाले सड़क मरम्मत कार्य के संवेदक को इनाम देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो तीन महीने पहले इस सड़क की कार्य की मरम्मत के लिए डस्ट और छरी बिछाया गया था। उस समय भी इसकी मात्रा कम थी, उसके बाद कार्य महिनों बंद था, इस क्रम में इस सड़क पर दो पहिया और चार पहिया वाहन चलने के कारण पथ



में बिछे डस्ट और छरी उखड़ कर रोड से हट गया है, इस समय सड़क पर 25% प्रतिशत भी डस्ट और छरी नहीं बचा है, इसी में संवेदक द्वारा अलकतरा बिछाकर कार्य फाइनल किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की नसीहत का कोई असर संवेदक पर नहीं पड़ रही है, यह कार्य जितना घटिया हो रहा है। वह सभी घटिया कार्य का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य सरोज देवी पथ मरम्मती कार्य का जायजा लेकर इस कार्य को घटिया बता चुकी है। ऐसे में जिला प्रशासन इस पथ को गुणवत्तापूर्ण नहीं करा सकती है तो संवेदक और सड़क के स्कुटिव जेइ को इनाम तो दे ही सकती है।

# मुर्गीडीह में वृद्ध की हत्या के आरोप में पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत मुर्गीडीह गांव निवासी बालगोविंद सिंह 80 वर्षीय वृद्ध की 13 अप्रैल को निर्मम हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया था। इस हत्या प्रकरण में पुलिस ने महज 72 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के बारे में गुरुवार को बरवाडीह थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि वृद्ध बालगोविंद सिंह हत्या प्रकरण को उद्भेदन को लेकर जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में गठित विशेष अनुसंधान टीम द्वारा मामले का खुलासा किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या मामले के को लेकर थाना कांड



संख्या 21/ 2025, 14.04.2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार हत्या प्रकरण में शामिल मुख्य आरोपी बलराम सिंह (उम्र 50 वर्ष),उसके पुत्र लोकेन्द्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, (उम्र 21 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध स्वीकारते हुए तीन अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता उजागर की। जिसमें कामेश्वर राम, नेमा भुइयां सभी ग्राम मुर्गीडीह निवासी और संजय सिंह ग्राम अकराही को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपी ने हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। अभियुक्तों ने हत्या का कारण पूर्व की जमीनी विवाद और झाड़-फूंक बताया। मामले के उद्भेदन में एसडीपीओ भरत राम, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी राजन अधिकारी, पुअनि अनुराग कुमार, पुअनि सुनील कुमार मंडल, पुअनि श्याम नारायण ओझा और बरवाडीह पुलिस शामिल थे।

# वक्फ कानून के खिलाफ 25 को मानव श्रृंखला बनाकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वक्फ कानून 2025 के खिलाफ अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मुफ्ती उमर फारूक, मुफ्ती सद्दाम हुसैन आदि ने पत्रकारों को बताया कि वक्फ कानून 2025 संविधान के मूल ढांचे पर सीधा हमला है और इसका उद्देश्य धर्म के आधार पर देश को ध्रुवीकृत और विभाजित करना है। यह कानून असंवैधानिक है। यह संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 26 का सीधा उल्लंघन है। संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, 26, 29 जैसे मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है। इस कानून के तहत वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में गैर मुस्लिमों को शामिल करना सीधा अनुच्छेद 26 के खिलाफ है




और यह हमारी संपत्ति पर सीधा हस्ताक्षेप है। वक्फ एक्ट 2025 लाकर मुसलमानों के हक-अधिकारों और संपत्ति को छिनने की सोची समझी एक बड़ा साजिश है, जिसे किसी भी कीमत में मुसलमान इसे बरदाश्त नहीं कर सकता। हम इस काले कानून के खिलाफ तब तक लड़ाई जारी रखेंगे, जब तक इस कानून को समाप्त नहीं किया जायेगा। आगामी 20 अप्रैल को न्यू रोड स्थित खादगढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन इस्लामिया और जिले के उलमाएकराम की संयुक्त बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से की जायेगी। 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पालमर गंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। कहा कि आगामी 30 अप्रैल की रात 9 बजे से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से मौलाना मोहम्मद रेयाज, मौलाना मिन्हाज कासमी, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, पूर्व सदर हाजी सउद आलम, दानिश अली, वासिफ कय्यूम, फारूक कुरैशी, यासिन कुरैशी, आफताब आलम, गुलाम मुर्तजा अंसरी, समीद अंसारी, मौलाना फैजान अनवर नोमानी, मौलाना मोहम्मद अजहारू उल हक आदि मौजूद थे।

# कुछ लोग यूनियन बनाकर मजदूरों को कर रहे गुमराह : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व राज्य सभा सदस्य और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों को मूर्ख बना कर हिंडाल्को से लाभ उठाने को लेकर कुछ लोग यूनियन बना कर घूम रहे हैं। इन्हें न तो यूनियन के बारे में कुछ पता है और न ही मजदूरों के हित से कोई मतलब है। ऐसे लोग बरसाती मेंढक की तरह हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को धोखा देने वाले ऐसे लोग कथित जनप्रतिनिधि के नाम पर अपनी रोटी सेंकने में लगे हुए हैं। प्रदेश में छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन ददई दुबे के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से सफलता पूर्वक चल रहा है। वहीं कुछ लोग निजी स्वार्थ को लेकर संजीव रेड्डी से संबंधित एक छद्म इंटक यूनियन बनाकर बॉक्साइट और कोल माइंस के



कामगार मजदूरों को गुमराह कर रहे हैं। इंटक मजदूर संगठन का मामला फिलहाल न्यायालय में चल रहा है। ऐसे में कुछ लोग लोहरदगा में हिंडाल्को कंपनी से निजी लाभ उठाने के लिए मजदूर संगठन के नाम पर राजनीति रोटी सेंक रहे हैं। मजदूरों के हक-अधिकार के लिए यूनियन तो कोई भी बना सकता है, लेकिन इन मजदूर संगठनों से हमारे मजदूर भाई को कितना लाभ मिल रहा है, यह सभी को अच्छी तरह से पता है। सभी मजदूर साथी जानते-समझते हैं कि कौन उनके अधिकार को लेकर हमेशा से साथ खड़ा है और कौन सिर्फ बरसाती मेंढक की तरह बाहर निकल आया है। लोहरदगा में हिंडाल्को कंपनी से ट्रांसपोर्टिंग और अन्य लाभ के लिए मजदूर संगठन के नाम इस्तेमाल किया जा रहा है।

छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन में एक गुट ददई दुबे के नेतृत्व में मजदूरों के अधिकार के लिए लड़ रहा है तो दूसरा एक गुट संजीव रेड्डी के साथ मिल कर अपनी रोटी सेंकने में लगा हुआ है।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा, रांची के निर्देशानुसार 3 मई 2025 को आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करने की बात कही। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर



आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित नवनिर्मित न्यायालय भवन का जायजा लिया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरो पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्ति पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मौके पर उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सीजेएम केके मिश्रा, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीओ अमित कुमार, सिविल सर्जन डा शंभूनाथ चौधरी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाइक, नगर प्रशासक मुक्ति किंडो, जेलर सुबोध कुमार, हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग रामपद हंसदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चंपाई सोरेन के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कमिटी की बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में गुरुवार को की गयी। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जिला सहित विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम को लेकर समीक्षा की गयी। मौके पर मनीर उरांव ने कहा कि देश के संविधान निर्माता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर का सम्मान देश का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया, अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया, श्रमिको, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का भी समर्थन किया वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवम न्याय मंत्री बने थे। बैठक में आगामी 24 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन के लोहरदगा आगमन को लेकर चर्चा करते हुए उसकी तैयारी पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, बाल कृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, सरिता देवी, संजय अग्रवाल, सुरेश बैठा और प्रकाश नायक शामिल थे।

## अग्निवीर वायु में म्यूजिशियन पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 21 से

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 अंतर्गत म्यूजिशियन के पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां 11 मई 2025 रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। भर्ती रैली 10 से 18 जून 2025 तक नयी दिल्ली स्थित एयरफोर्स स्टेशन और कबोन रोड, बंगलुरू में आयोजित किया जायेगा। भर्ती रैली में वाद्य यंत्रों को बजाने की कला का परीक्षण, इंग्लिश रिटेन टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट आदि प्रक्रियाएं पूरी की जायेगी। आवेदक का जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। भर्ती रैली, शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा, परीक्षा का सिलेबस, शारीरिक दक्षता, ऑनलाईन आवेदन समेत अन्य सभी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी के लिए वेबसाइट http://agnipathvayu.cdac.in पर लॉग-इन किया जा सकता है।

## मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल में मेगा फ्री मेडिकल कैंप आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल अपने तीसरे वर्षगांठ पर मेगा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ विनीत कुमार मिश्रा, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपक कुमार, न्यूरो सर्जन, डॉ विवेक मधुर, हड्डी जोर एवं नस रोग विशेषज्ञ, डॉ नेहा ज्योति मधुर, जेनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ आभा मधुर, नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ रुद्र कश्यप, नवजात शिशु रोग एवं जेनरल फिजिशियन उपस्थित रहेंगे। साथ ही डॉ चंदन कुमार द्वारा रोगियों को 10.30 सुबह से 4 बजे संध्या तक फ्री इलाज किया जायेगा।

# महिला ने मनरेगा योजना में पैसे लेकर लाभ देने का लगाया आरोप, जांच की मांग की

डिम्पल राजा

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित जेरुआ गांव में सीएफटी विभाग के द्वारा आम बागवानी के लिए भूमि का निरीक्षण करने के उपरांत चयन किया गया था, लेकिन लाभुक से पैसे नहीं मिलने पर योजना से लाभुक का नाम काट दिया गया। वहीं मामले के संबंध में जेरुआ गांव निवासी बरती देवी, पति भरदुल सिंह के द्वारा प्रखंड प्रमुख मनिका प्रतिमा देवी को आवेदन देकर उक्त मामले की जांच करने का गुहार लगाया गया है। मौके पर लाभुक बरती देवी ने बताया कि मेरे भूमि पर आम बागवानी करने के लिए सीएफटी विभाग के नीलमणि कुमार निरीक्षण करने आये थे और उन्होंने बताया था कि आपका भूमि बिल्कुल सही है और आम बागवानी योजना



आपके नाम से चयन हुआ है। वहीं बरती देवी ने सीएफटी विभाग के नीलमणि कुमार के ऊपर 3000 रुपये पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम बागवानी योजना के आगे के प्रक्रिया के लिए नीलमणि कुमार के द्वारा मुझ से 3000 रुपये की मांग की गयी। वहीं नीलमणि कुमार ने कहा कि पैसे देने के बाद ही आपका योजना हो पाएगा,परंतु बरती देवी गरीब होने के कारण पैसा देने से असमर्थ थी इसीलिए पैसा नहीं दे पायी, जिस वजह से आम बागवानी योजना से बरती देवी का नाम काट दिया गया। जबकि पहले से बरती देवी के नाम से योजना का चयन हुआ था और लिस्ट में नाम भी दर्ज था। साथ ही बरती देवी का आरोप है कि पैसा नहीं देने की वजह से मेरा नाम योजना से काट दिया गया है। वहीं कई लाभुकों ने बताया कि हम लोग जब भी मनरेगा के तहत कोई योजना का काम करवाने जाते हैं तो पंचायत प्रतिनिधि एवं मनरेगा कर्मियों के द्वारा मनमाना तरीके से हम लोगों से पैसे की वसूली की जाती है। कोपे पंचायत अंतर्गत आम बागवानी के नाम पर 3000 का खुलेआम मांग किया जाता है और जो किसान पैसा नहीं देता है उसे योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। वहीं सीएफटी विभाग के नीलमणि कुमार ने कहा कि मेरे उपर लगाया गया आरोप निराधार है।

# पौष्टिक व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में पोषण पखवाड़ा सप्ताह के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सहायिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय पौष्टिक व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व यह कार्यक्रम पंचायत स्तर पर आयोजित हुआ था। जिसमें पोषण पखवाड़ा प्रतियोगिता में चयनित उन सभी सहायिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय प्रतियोगित आयोजित किया गया। वही आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सहायिकाओं द्वारा पोषण पकवान प्रस्तुत किया गया। जिस पर स्थानीय पोषक आहार पर जोर दिया गया और इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला लाभ के बारे में सहायिकाओं द्वारा बारी बारी से जानकारी साझा किया गया। वही सहायिकाओं ने बताया कि हरा साग सब्जी, दूध, फल, अंडा के



अलावे मकई,मडुवा जैसे मोटे अनाज का फायदा के बारे में बताया गया। साथ ही मकई और मडुवा से पकवान बना कर दिखाया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका शामिल थे। इस मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी, पर्यवेक्षक के रूप में स्वास्थ्य विभाग से एमपी डब्लू कर्मी देवेंद्र गिरी, मंसूर अंसारी के द्वारा सहायिकाओं द्वारा बनाया गया। क्षेत्रीय पकवान के संबंध में जानकारी लिया गया तथा पकवान का विशेषता के बारे में भी जानकारी लिया गया। जिस पर प्रमुख फुलझरी देवी ने सहायिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों का सही पोषण के लिये प्रतिदिन पौष्टिक आहार दें, जिससे बच्चे बच्चियों का शाररिक, मानसिक व बौद्धिक विकास हो। कोई भी बच्चे बच्चियां शाररिक और मानसिक रूप से दिव्यांग न रहें। वहीं महिला पर्यवेक्षिका जया पांडेय और सुषमा कुजूर के द्वारा बताया गया कि इससे पूर्व पंचायत स्तर पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। जिस पर पंचायत से चयनित सहायिकाओं का प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिनका यहां से चयन होगा उन सहायिकाओं को पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेना है।

## खेल प्रतियोगिता में खो-खो के लिये 72 और रस्सी कूद के लिये 24 प्रतिभागियों का चयन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में आयोजित संकुल स्तर दो दिवसीय खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हो गया। आयोजित प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के रांची संकुल अंतर्गत सभी नवोदय विद्यालयों से लगभग 225 छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता भाग लिये थे। जिस में खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता का प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गयी थी। वही संकुल स्तर पर चयनित प्रतिभागी सम्भाग स्तर पर खो-खो और रस्सी कूद प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिस के लिये संकुल स्तर से खो-खो में 72 और रस्सी कूद में 24 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिस निमित पीएम श्री नवोदय विद्यालय के खेल शिक्षक सूरज कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल स्तर से चयनित छात्र-छात्राएं पशिचम बंगाल के हुगली, वर्धवान और वीरभूम में 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सम्भाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में संकुल स्तर से 96 प्रतिभागी बच्चे बच्चियां खो-खो और रस्सी कूद खेल प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिस के लिये संकुल स्तर से खो-खो और रस्सी कूद खेल के लिये 96 बच्चे बच्चियों का चयन कर लिया गया है। सम्भाग स्तर पर खेल प्रतियोगिता में चयनित बच्चे बच्चियां राष्ट्रीय स्तर में भाग लेंगे। मौके पर पीएम श्री नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के प्राचार्य अनीश चंद्र झा, खेल शिक्षक सूरज पाण्डेय के अलावा खेल प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं बीच समाज कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध स्मार्टफोन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी से संबंधित कार्यों को निष्पादन करने के लिए झारखंड सरकार की ओर से स्मार्टफोन दिया गया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को ऑनलाइन विभागीय कार्य करने में दिक्कत हो रही थी। स्मार्टफोन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से सेंटर खुलने से लेकर पोषाहार खिलाने एवं सेंटर में बच्चों की उपस्थिति



तक फोटोग्राफी कर स्मार्टफोन फोन से ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया है। जिससे सेंटर के संचालन में पारदर्शिता होगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी कार्य-दायित्व को सही से निर्वहन करें। पोषण ट्रैकर एप, टीएचआर के एफआरएस, आधार सीडिंग, लाभुकों के फोटो आदि का कार्य ससमय निष्पादित करें। जिले में कार्यरत 964 आंगनबाड़ी सेविका को मोबाइल किट वितरित किया गया। मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम उपस्थित थे।

## लंबित मामलों के निष्पादन में लायें तेजी : उपायुक्त

**लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागावार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महोदय ने तय समय सीमा से पहले प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया।**

## प्रत्येक बुधवार को आयोजित होगा थाना दिवस : सीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** अंचलाधिकारी द्वारा थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने सेन्हा थाना क्षेत्र के जमीन विवाद संबंधी केसो का निपटारा किया। जमीन से संबंधित विवाद मामले पर चितरी डांडू निवासी यासीन अंसारी, बदला निवासी रामकेश्वर महतो, शास्त्री चौक लोहरदगा निवासी अजित चौधरी, झलजमीरा निवासी शिवनंदन साहु और अरु निवासी सुमित महली द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पक्ष के सामने सभी मामलों का निपटारा किया गया। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को थाना दिवस आयोजित कर जमीन से संबंधित छोटे मोटे मामले का त्वरित निपटारा किया जायेगा।

# पत्नी के प्रेमी की गोली मारकर हत्या, 22 महीने बाद खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

## राजस्थान में काम करने के दौरान आरोपित की पत्नी से हो गया था प्यार

## मना करने के बाद भी बात करने के लिए दबाव बनाने पर योजना बना कर कर दी थी हत्या

**21 जून 2023 को जंगल से बरामद हुआ था शव, मामला दर्ज कर जांच में जुटी थी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



हत्या के आरोपित की पकड़े जाने की जानकारी देते पलामू के एसएसपी राकेश कुमार एवं अन्य अधिकारी।

**छतरपुर/पलामू।** जिला के छतरपुर थाना क्षेत्र में मृत्युंजय साह नामक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह बिहार के सिवान जिले का रहने वाला था। उक्त हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने 22 महीने के बाद किया है। पुलिस ने हत्यारोपित को बिहार के औरंगाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान अमित मेहता उर्फ धर्मेंद्र के रूप में हुई है। इसकी जानकारी पलामू के एएसपी राकेश कुमार ने दी। वे गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया गया कि मृत्युंजय साह और अमित मेहता एक साथ राजस्थान में काम करते थे। इस दौरान मृत्युंजय और अमित की पत्नी अनीता के बीच प्रेम संबंध बन गया। दोनों फोन पर लंबी बातें करते थे। इसकी भनक अमित को लगी तो उसने अपनी पत्नी और दोस्त मृत्युंजय दोनों को एक-दूसरे से बात करने से मना किया था। इसके बाद भी मृत्युंजय साह अनीता पर बात करने के लिए दबाव डाल रहा था। इससे तंग आकर अमित मेहता ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मृत्युंजय की हत्या की योजना तैयार की। इसके अनुसार, अनीता ने मृत्युंजय साह को फोन कर बिहार के डेहरी में मिलने के लिए बुलाया था। इसके बाद दोनों बस से पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगन पहुंचे थे। यहां अनीता के पति अमित मेहता और मृत्युंजय साह के बीच काफी बहस हुई थी। इसी दौरान अमित ने मृत्युंजय की गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद शव को जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने 21 जून 2023 को जंगल से मृत्युंजय साह का शव बरामद किया था। उस वक्त इसे ब्लाइंड केस माना जा रहा था। दूसरी ओर, शव की शिनाख्त होने के बाद मृत्युंजय के घरवालों ने पुलिस को बताया था कि वह घर से प्लांट में नौकरी करने की बात बोलकर निकला था। छतरपुर पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच के दौरान कई साक्ष्य जुटाए। जिससे आरोपी तक पहुंचने में सफल मिली। मामले की जांच और खुलासे में छतरपुर के एसडीपीओ अवध कुमार यादव, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद और निर्मल कुमार सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

# हुसैनाबाद के बीआरसी में नाइट गार्ड की हुई हत्या का खुलासा, चार सफाईकर्मी गिरफ्तार

## साइकिल की चोरी छिपाने के लिए की गयी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते पलामू के एसएसपी राकेश कुमार एवं अन्य।

**हुसैनाबाद।** बीआरसी में एक महीने पहले रामदेव ठाकुर नामक नाइट गार्ड की हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए चार सफाई कर्मियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मोहम्मदगंज के भजनिया निवासी सनोज डोम (28), हुसैनाबाद के महुअरी के बिगु डोम (48), योगेंद्र डोम (28) और बिहार के औरंगाबाद के करमा गांव का सोनू डोम (20) के रूप में की गयी है। आरोपियों ने साइकिल की चोरी का राज छिपाने के लिए नाइट गार्ड की हत्या कर दी थी। इस संबध में एएसपी राकेश कुमार ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि हत्या की जांच के लिए हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। जिसने हत्याकांड का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने बीआरसी से छात्रों के लिए रखी दो साइकिल चोरी कर ली थी, जिसे नाइट गार्ड रामदेव ठाकुर ने देख लिया था। इसके बाद जेल जाने के डर से आरोपियों ने नाइट गार्ड की हत्या की योजना बनायी। 17 मार्च की रात को छत पर सो रहे गार्ड को बलुआ और लाठी से मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल बलुआ, लाठी और चोरी की दोनों साइकिल बरामद कर ली हैं। इस मौके पर हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मो याकूब, आईपीएस सह हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मबीर यादव सहित हुसैनाबाद एवं हैदरनगर थाना के पुलिस पदाधिकारी-जवान शामिल थे।

# हरिहरगंज पहुंचे अर्जुन मुंडा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड में बुधवार की देर शाम राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आगमन पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। वहीं अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हालचाल जाना। बतातें चलें कि अर्जुन मुंडा निजी कार्य से बिहार से गढ़वा जा रहे थे। इस दौरान हरिहरगंज में भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर महामंत्री सन्नी गुप्ता, सासंद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान, मंडल मंत्री करण राजवीर, अमित कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन जायसवाल, ओबीसी जिला मंत्री चंदन प्रजापति, किसान मोर्चा जिला मंत्री सूर्ययांशु सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र पासवान, अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष अरविंद पासवान आदि मौजूद थे।

# 263 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच विधायक ने बांटा स्मार्ट फोन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के 263 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण विधायक नरेश प्रसाद सिंह,जिला पार्षद विजय रविदास,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधित कार्यों में आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका अहम है।? सरकार की ओर से मोबाइल सेट मिलने से उन्हें कार्य निष्पादन करने में काफी आसानी होगी। राज्य सरकार का यह कदम आंगनबाड़ी केंद्रों को हाईटेक करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हर जरूरी सुविधा सेविकाओं को उपलब्ध करायी जायेगी। बस सेविकायें अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव,वरीय समाजसेवी गोपाल राम,मुखिया अंजू देवी,संजय उपाध्याय,किशोर कुमार,मुन्ना यादव,अनिल ठाकुर,बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिंदा रहना है, तो पेड़ लगाने की होंगे : डॉ कौशल

**पर्यावरणविद ने गुजरात प्रवास के दौरान पौधरोपण कर मनायी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती**



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** गुजरात के झुनागढ़ एवं द्वारीकाधीश में संविधान निमार्ता भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गुजरात में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धार्थ भट्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाकर किया। उन्होंने कहा जिस तरह बाबा साहब ने संविधान लिखकर देश के आम लोगों को अधिकार दिलाया। उसी तरह बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन रोकने से आने वाली पीढ़ी के साथ ब्रह्मांड के 84 लाख योनी के जीवों को बचाया सकेगा । उन्होंने कहा कि जिंदा रहना है तो पौधा लगाना ही होगा, क्योंकि इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वहीं, झुनागढ़ में संस्था के नवमनोनीत सचिव रितेश अनुभव गोहिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कौशल ने हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया। कहा कि 8 मई 2008 को बिहार के बोधगया में पद्म विभूषण पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा के साथ धरना के माध्यम से सरकार को परमाणु ऊर्जा से बचने के लिए सौर और पवन ऊर्जा का प्लांट लगाने की मांग सरकार से की थी। उसी मांग के आलोक में आज गुजरात के कई जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा का प्लेट और पवन ऊर्जा का टरबाइन चालू है तथा और कई नए प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं। वहीं, नवमनोनित अध्यक्ष सिद्धार्थ भट्ट ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर की ओर से लंबे अरसे से पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की और वहां पुनः आने का निमंत्रण भी दिया। संस्था के सचिव अरविंद कुमार, प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, प्रो अरुण जायसवाल और दर्शित भट्ट आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का जितना भी दुरुपयोग कर ले, कांग्रेस नहीं डरेगी : बिट्टू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नेशमल हेराल्ड मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ की गयी इडी की कार्रवाई के प्रतिवाद में पलामू जिला कांग्रेस के तत्वाधान में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में गुरुवार को छह मुहान चौक पर विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही पुतला दहन किया गया। बिट्टू पाठक ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी मोदी सरकार के इन कार्यो की निंदा करती है। नेशनल हेराल्ड और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया जी और राहुल जी के खिलाफ मनमाने और अन्यायपूर्ण तरीके से संपत्ति जब्त करने का आरोप पत्र दायर करने की यह कानून प्रकिया का मामला नहीं है। बल्कि कानून के शासन के रूप में प्रायोजित अपराध है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है। यह बदले की राजनीति का सबसे खराब रूप है। कहा कि जब भी देश को एकजुट करने की आवश्यकता पड़ी तो गांधी परिवार ने शहादत तक दी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा देश के संवैधानिक संस्थाओं का जितना भी दुरुपयोग कर ले राहुल गांधी और कांग्रेस डरने वाली नहीं है। इस मौके पर प्रदेश के नेता रामाशीष पांडे, ओमप्रकाश अमन, शमीम अहमद राईन, रुद्र शुक्ला, ईश्वरी प्रसाद सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, शैलेश चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, विद्या सिंह चेरो, नाफिज खान, अशोक तिवारी, परीक्षित दुबे, मिट्ठू खान, रिजवान खान, आमुख प्रियदर्शी, रामानंद पाठक, तुलसी पासवान, अखिलेश चौधरी, अशोक पासवान, बदल खान, देवांग, सौरव पांडे, ललित सिंह, अमिताभ शर्मा, अनिल सिंह, शहजाद अली और मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा, आवास, बिरसा सिंचाई कूप योजनाओं के कार्यों में प्रगति ना होने पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

## योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी

**कहा- पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक कार्यो को नहीं रखें लंबित, कार्य के प्रति गंभीर रहें बीडीओ**
**- कैंप लगाकर एक सप्ताह में कार्यो का करें संपादन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने गुरुवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में पंचायती राज से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें मनरेगा की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप आदि योजनाओं की प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरने वाले पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं बीडीओ को कार्य के प्रति गंभीर रहकर प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने तत्परता के साथ कैंप का आयोजन कर एक सप्ताह में योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं योजना अभिलेखों का अंतिमीकरण के कार्य में पंचायत स्तर से शिथिलता बरतने से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में बेहतर प्रदर्शन करने में समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यों को करने के लिए वर्तमान में मौसम अनुकूल है। मनरेगा के कार्यों में गति लाकर बरसात पूर्व तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वैसे प्रखंड जिनका एक से 15 अप्रैल तक शून्य प्रगति है। इसके संबंधित ग्राम रोजगार सेवक को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीडी जेनरेशन पर फोकस करने का भी निदेश दिया। डीडीसी ने पुरानी लंबित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में कार्य में प्रगति लाकर पूर्ण कराते हुए अविलंब मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत योजनाओं की स्वीकृति एवं लाभुकों को एफटीओ के माध्यम से किस्त भुगतान और योजना पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कहा कि एमआर इश्यू में शिथिलता ना बरतें। साथ ही उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत लाभुकों का निबंधन, जीयोटैग एवं आवास स्वीकृति का निर्देश दिया। डीडीसी ने आवास कोऑर्डिनेटर एवं जेएसएलपीएस के बीपीएम को आवास योजना को लेकर सर्वे कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि योग्य लाभुक आवास योजना के अच्छादन से नहीं छूटे। इसके अलावा अबुआ आवास योजना अंतर्गत भुगतान किए गये लाभुकों का आवास पूर्ण कराते हुए जीयो टैग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीडीसी ने बिरसा सिंचाई कूप के कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन पीपीओ द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभियान चलाकर बिरसा सिंचाई कूप पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### लाभुक खुद से कर सकते हैं जियोटैग

**डीडीसी ने जानकारी दी कि अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने और आवास निर्माण के लिए लाभुक को समय पर किस्त की राशि भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सरकार की ग्रामीण विकास विभाग की ओर से बेनिफिसरी लेबल डीओटैग एप तैयार किया गया है। इसके माध्यम से आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुक खुद से अपने निमार्णाधीन आवास का जियोटैग कर सकेंगे। इस एप्प को गुगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके बाद मोबाईल में इसे इन्टॉल करने के क्रम में लाभुक के माबाईल में ओटीपी प्राप्त होगा। इसके लिए सभी लाभुकों को अपना मोबाईल नंबर प्रखंड लॉगईन में अपडेट करना अनिवार्य होगा। लाभुक द्वारा खुद से किये गये जियोटैग को पंचायत सेवक द्वारा सात दिनों के अंदर स्थल सत्यापन करते हुए अप्रुव अथवा रिजेक्ट (कारण सहित) करना है।**

# आठ लाख के गबन का आरोपी गिरफ्तार



**फुसरो (आजाद सिपाही)।** बेरमो पुलिस ने आठ लाख रुपये के गबन करने के आरोपी आनंद सिंह उर्फ गोपाल को धनबाद से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। इंस्पेक्टर रोहित सिंह ने इसकी जानकारी दी। बताया कि आरोपित आनंद सिंह धनबाद जिले के सरायडेला थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन अपार्टमेंट एनबी/ब्लॉक 202 सीएमपीएच कॉलोनी का रहने वाला है। उसके खिलाफ 15 दिसंबर 2024 को बेरमो थाना में कांड संख्या 171/24 धारा 316 (2), 118(4), 338, 336(3) बीएनस के तहत मामला दर्ज कराया गया था। उसपर आठ लाख रुपये के गबन का आरोप है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## पंचायत समिति की बैठक में की गयी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# चापाकलों की खराबी की सूचना मिलने के 72 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जायेगी मरम्मत : कनीय अभियंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला कुमारी ने की। बैठक में विभागीय पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य एवं चयनित मुखिया आदि उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पोषण आहार योजना 8 से 22 अप्रैल तक संचालित की जा रही है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को आवश्यक सुविधाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनएम के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, सीडीपीओ शीला कुमारी ने बताया कि छतरपुर प्रखंड में कुल 119 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 16 केंद्रों के लिए सेविका/सहायिका का चयन किया जाना है। थाना के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रखंड अंतर्गत 4-5 स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की जाए, ताकि क्षेत्र में हो रही आकस्मिक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। वहीं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता ने जानकारी दी कि गर्मी के मौसम में चापाकलों की खराबी की सूचना प्राप्त होने पर 72 घंटे के भीतर मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अंचल निरीक्षक, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी सतीश कुमार दुबे, आवास कोऑर्डिनेटर संतन कुमार गुप्ता, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर विवेक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता वसंत कुमार सहित 15वें वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य विभागों के कनीय अभियंता एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी दी। जबकि बीडीओ आशीष कुमार साहू ने विभाग की ओर से संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की।

# भगवान भास्कर एवं ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेल बिगहा ग्राम पंचायत अंतर्गत काजरात, कररवार नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक नव निर्मित श्री सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर एवं ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को नावाडीह कररबार नदी स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पांच किलोमीटर पैदल भ्रमम कर वापस दंगवार सोन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर सोन से जल भरी कर पुनः नावाडीह कररबार नदी स्थित सूर्य मंदिर पहुंच कर कलश स्थापित किया। यज्ञ का संचालन वैष्णव समुयाद के संत श्रीश्री 1008 श्री घनश्यामाचार्य (बालक स्वामी) के सानिध्य में संत अर्जून दास, यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय सहित 11 ब्राह्मणो द्वारा किया गया। जहां उपस्थित यज्ञाचार्य एवं विद्वानों के वैदिक मंत्रोच्चारण से जल भरी कराकर कलश को मंदिर में स्थापित कराया। सूर्य मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए गुरुवार से 22 अप्रैल तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। 19 अप्रैल को पूजन-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। वहीं, 20 अप्रैल को देव विग्रहों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। 21 अप्रैल को भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत की जाएगी। समापन दिवस 22 अप्रैल को पूर्णाहूति के साथ महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलशयात्रा में विधायक संजय सिंह यादव, यज्ञ समिति के अध्यक्ष राम लखन यादव, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा, बेल बिगहा की मुखिया अनंती देवी, मुखिया विनोद कुमार सिंह,कुमीर्पुर पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी बिगन प्रजापति, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, किसान मित्र अरुण सिंह, मुखिया श्रवण राम, समाजसेवी जितेंद्र रजक, प्रदीप सिंह आदि शामिल थे।

# तालाब में डूबकर वृद्ध की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के कुगांव ग्राम में तालाब में भैंस नहलाने गए वृद्ध भिखुवा उरांव की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। वृद्ध के शव खोजबिन जारी ग्रामीणों संग कराया। लेकिन अत्यधिक पानी तालाब में होने के कारण समाचार चलाए जाने तक शव को नहीं खोजा जा सका। घटनास्थल पर पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। वहीं पुलिस ने ग्रामीणों को कहा कि एनडीआरएफ की टीम से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही टीम के आने के साथ ही शव को ढूंढने का प्रयास किया जायेगा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भिखुवा दिन के लगभग की 11 बजे घर से भैंसों को नहलाने की बात कह कर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। वहीं परिजन ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी और तालाब के पास पहुंचे, जहां घटनास्थल पर तालाब के पास मृतक का कपड़ा खोलकर रखा हुआ था। जिससे प्रतीत हो रहा था कि कपड़ा खोलकर वह भैंसों को नहला रहा होगा और फिसल कर तालाब में चला गया। इसके बाद वह नहीं निकल पाया। इस संबंध में थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गयी हुई थी। अत्यधिक पानी तालाब में होने के कारण शव ढूंढने में कठिनाई हो रही है। एनडीआरएफ की टीम से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही शव निकाल लिया जायेगा। चौकीदार की ड्यूटी लगायी गयी है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा ग्रामीण के मदद से खोजबीन जारी है। अत्यधिक पानी होने के कारण खोजने में काफी समस्या हो रही है एनडीआरएफ की टीम को भी सूचित कर दिया गया है।

### समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# गड़बड़ी को जल्द सुधारने और मजदूरों को सरकारी दर पर मजदूरी देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बसिया स्थित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म मैनेजर सुभाष सिन्हा से सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उपस्थित किसानों से भी बातचीत किया। उन्होंने फार्म में काम करने वाले मजदूरों को सरकारी दर से मजदूरी देने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में कृषि पाठशाला में कई अनियमितता पायी गयी। उन्हें यथाशीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एफटीओ गठन करने की बात कही गयी। उपायुक्त ने कहा कि कृषक पाठशाला सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिससे किसान भाइयों को बहुत लाभ मिल रहा है। भविष्य में भी अन्य किसान भाई इस कृषक पाठशाला से नई तकनीक सीख कर खेती बाड़ी कर सके यही प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने किसानों को जीरा धान की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर उपायुक्त ने सुअर पालन शेड, कॉड स्टॉर, मधुमक्खी पालन, कम्पोस्ट, बकरी पालन शेड, ब्रॉयलर मुर्गी पालन शेड, लेयर मुर्गी पालन शेड एवं खेतों का भ्रमण किया और संबंधित पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात उपायुक्त ने महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा संचालित कोनबीर स्थित जोहार एग्रो मार्ट एवं बीज दुकान का भी निरीक्षण किया। वहां उपस्थित दीदियों से भी जानकारी ली गयी। साथ ही साथ पालकोट प्रखंड में पलास मार्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दुकान के बगल में एक बोर्ड लगाया जाये जिसमें पलाश मार्ट में उपलब्ध सभी वस्तुओं की लिस्ट हो एवं उक्त स्थान में सोलर लाइट लगाने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, एग्रीकल्चर इंजीनियर निमन बोदरा, मैनेजर सुभाष कुमार सिन्हा एवम कृषक उपस्थित थे।

# चिंगरी और रांगे में साइकिल मरम्मत इकाई शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, नयी दिल्ली द्वारा संचालित संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत चिंगरी एवं रांगे ग्राम में सूक्ष्म उद्यमिता विकास हेतु अनुसूचित जनजातीय समुदाय के लिए स्थापित साइकिल मरम्मति इकाई का शुभारंभ किया गया। चिंगरी ग्राम स्थित लाभुक विश्वास लोहरा एवं रांगे ग्राम स्थित लाभुक मुनेश कवर को अपने स्थानीय ग्राम में साइकिल मरम्मति इकाई स्थापित कर जीविकोपार्जन के संवर्धन के लिए परियोजना के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के समन्वयक अजीत उरांव, उप प्रमुख चंदन कुमार सिंह, जिला परिषद् सदस्य पवन उरांव, संस्था के कार्यकर्ता नीरज गोप, सहदेव साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# भैंस चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बड़कोइली निवासी नीलांबर नाग के आंगन में दो भैस की चोरी 11 अप्रैल की रात्रि चोरो के द्वारा चोरी कर ली गयी थी। वहीं पशुपालक नीलांबर नाग 12अप्रैल को सुबह उठकर देखा कि भैस के खुंटा से भैस गायब है। काफी खोज बीन करने के बाद 15 अप्रैल को खुंटी जिला के जलटंडा बजार अपने भाइ रामलखन नाग साथ पहुंच कर खोजबीन करने के पश्चात बजार में अपने दोनों भैंस के साथ एक व्यक्ति को पशुपालक ने देखा और पूछताछ करने के बाद व्यापारी आरीफ खान पिता जहीर खान गांव अरगोड़ी थाना खुंटी बताया। वहीं पशुपालक ने भैंस चोरी कर खरीद बिक्री करने की खबर कामडारा पुलिस को दिया खबर मिलते ही पुलिस जलटंडा बजार पहुंच कर दो भैंस के साथ आरीफ खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही एक अज्ञात चोर की खोज बीन की जा रही है। पशुपालक को जिम्मेनामा पर पशु दे दिया गया है।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी/गैर सरकारी एवं सरकारी अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधिगण के साथ उपस्थित सभी समुदाय के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं इसकी रोकथाम हेतु अपने अपने सुझाव दिए गये। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री किए जाने संबंधी स्थानों को चिन्हित करते हुए उक्त स्थानों पर सघन छापेमारी/ निरीक्षण करने का अनुरोध किया गया। सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित पदाधिकारी को इस विषय पर अमल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी व्यक्तियों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारियों को रोकने के संबंध में भी चर्चा की गयी। साथ ही साथ संबंधित पदाधिकारियों से मादक पदार्थों के सेवन से रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने की बात कही गयी और विद्यालयों में में भी जागरूकता अभियान चलाये जाने की बात कही गयी। इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, उत्पाद अधीक्षक,औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, जिला परामर्शी, टोबैको, शिक्षण संस्थान के प्रधान/ प्रतिनिधि उपस्थित थें।

# कोयरीबारी के पास सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**पालकोट/ गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरू पंचायत के कुरा गांव निवासी निकोदिम एक्का (67) की गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वे शादी का कार्ड बांटने के लिए बनईडेगा गांव जा रहे थे, तभी झिकिरीमा पंचायत के कोयरी बारी के पास सामने से आ रही टेंपो से उनकी सीधी भिड़ंत हो गयी। हादसे में निकोदिम एक्का गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार, निकोदिम एक्का एक सामाजिक रूप से सक्रिय और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असमय मृत्यु से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है।

# बसिया मिशन बदलाव की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव बसिया की ओर बैठक मिशन बदलाव के संस्थापक भूषन भगत, बिनय टोप्पो और जिला अध्यक्ष बिनोद साहू के नेतृत्व में बसिया धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भूषन भगत ने कहा कि राज कुमार गुप्ता बसिया के जानेमाने समाज सेवी है और इनके कर्मठता से बसिया में अभूतपूर्व कार्य हुए है। इनके मिशन बदलाव में जुड़ने से संगठन बहुत मजबूत होगा और ये समाज के लिए कार्य के लिये हमेशा ततपर रहते है। वहीं महिला अध्यक्ष के रूप में निकिता सुरीन को महिला बसिया प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य बिनय टोप्पो ने कहा कि निकिता सुरीन महिलाओं के बीच सकारात्मक कार्यों के लिए जाना पहचाना जाता है और महिलाओं के सशक्तिकरण में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है। मिशन बदलाव बसिया प्रखंड संयोजक जितेंद्र कुमार भगत ने कहा कि हम सभी बसिया को मजबूत कर संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगें मिशन बदलाव के संस्थापको में से एक दुर्ज्य पासवान अमित झा, राज कुमार रजनीश कुमार अमित कुमार सिंह बिनय टोप्पो, सैयदा खातून ने प्रखंड अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी है।

# लावा नदी के क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत शुरू



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी स्थित लावा नदी पर बने पुल का रेलिंग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे राहगीरों में पुल पार करते वक्त डर बना रहता था की कही नदी पर गिर न जाये। वहीं इस पुल से झारखंड-छत्तीसगढ़ का कनेक्टिविटी जुड़ा हुआ है। जिससे कई लोग इसी पुल से रोजाना आना-जाना करते हैं,साथ ही प्रखंड के विभिन्न इलाको से कई स्कूली बच्चे रोजाना साइकिल चला कर इसी पुल से पार होकर स्कूल जाते हैं, जिससे परिजनों में तब तक डर बना रहता है जबतक की उनके बच्चे सुरक्षित वापस घर नहीं आ जाते है। वही सड़क पर सरपट दौड़ता वाहन अचानक लावा नदी के पुल पर पहुंचने पर पुल का चौड़ाई अपेक्षा से कम होने के कारण अनियंत्रित होकर कभी भी रेलिंग से टकराने की संभावना बनी रहती है। इस क्षतिग्रस्त पुल की खबर विभिन्न अखबार में प्रमुखता से छापी गयी थी, जिस पर जिला प्रसाशन ने मामले पर संज्ञान लिया जिससे अब पुल में रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो चुका है। इस पर समस्त ग्राम वासियो में खुशी का माहौल है ।

# कांड्रा में 550 किग्रा जावा महुआ और 50 लीटर शराब नष्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा/ आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। गुरुवार को अभियान के दौरान कांड्रा थाना क्षेत्र के खुदीबेरा एवं पालोवेरा जंगल में छापेमारी कर कुल 550 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया और 50 लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया। वहीं दूसरी ओर आरआइटी थाना क्षेत्र के भुआ एवं पार्वतीपुर के जंगलों में नदी किनारे चल रहे अवैध शराब भट्टी में छापेमारी करते हुए चार अवैध शराब भट्टियों का खुलासा किया।मौके पर शराब अड्डों के चार संचालकों की पहचान कर उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई।उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिला प्रशासन आमजन से अपील करती है ऐसे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना निकटतम थाना या उत्पाद विभाग को दें, ताकि शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# आत्मा भवन सभागार में जिला स्तरीय मासिक बैठक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आत्मा भवन सभागार में प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंड से आए एटीएम, बीटीएम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए विजय कुमार सिंह ने बताया यह जिला स्तरीय मासिक बैठक था। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में विभाग द्वारा चलाई गई परियोजनाओं को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में संचालित होने वाली कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा किया गया। ताकि इसका अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुंच सके।

# डहुटोली में हाथी ने दो मकानों को तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड के अमलीया पंचायत अंतर्गत डहुटोली गांव में बीती रात जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाया। हाथी ने दो ग्रामीणों- बंदे उरांव और खुइरा उरांव- के पक्के मकानों को तोड़कर गंभीर क्षति पहुंचाई, वहीं खुइरा उरांव की एक बकरी की दीवार के नीचे दबकर मौत हो गयी। घटना से पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल है। हाथी ने न सिर्फ मकानों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि घर के भीतर रखे सामानों को भी बर्बाद कर दिया। साथ ही गांव के खेतों में खड़ी फसल को भी रौंद डाला, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही वनरक्षी अकील अहमद और पूर्व वन समिति अध्यक्ष जगजीवन सिंह गुरुवार शाम डहुटोली गांव पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और मुआवजा के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच टॉर्च और पटाखों का वितरण भी किया गया। इधर, प्रभावित परिवारों ने वन विभाग से मदद की गुहार लगायी है और उचित मुआवजे की मांग की है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

— :: आम सूचना ::—


एतद् द्वारा हजारीबाग जिला क्षेत्रान्तर्गत सदर/दारू/कटकमसांडी/कटकमदाग/चुरचू/डाड़ी/बड़कागॉव/केरेडारी/विष्णुगढ/टाटीझारिया/ईचाक/बरही/पदमा/बरकट्ठा/चलकुशा एवं चौपारण प्रखण्ड के आमजनों को सूचित किया जाता है कि गर्मी को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दुरभाष सं0– **06546–262291** पर नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित शिकायतों को प्राप्त किया जायेगा। जिसके नोडल पदाधिकारी श्री रक्षित कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0–01 पदाधिकारी, हजारीबाग एवं उनके अधीनस्थ सदस्यों के रूप में श्री उपेन्द्र कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक एवं श्री विजय कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक तथा श्री पिंकी देवी एवं श्री संतोश कुमार, अनुसेवक नियंत्रण कक्ष में रहेंगे। वर्णित दूरभाष पर उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं में त्रुटि के निराकरण हेतु कार्य दिवस के कार्य अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियन्ता/कनीय अभियन्ता का नाम एवं मोबाईल नं0 निम्नांकित है, जिनसे पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी का नाम/मोबाईल नं0 | कार्यरत कनीय अभियन्ता का नाम/मोबाईल नं0 | आवंटित प्रखण्ड | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रक्षित कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अपर प्रमण्डल सं0–01, हजारीबाग मो0–8651694007 | श्री विजय प्रसाद, प्रशाखा– कटकमसांडी, ह0बाग मो0 नं0–9304933309 | कटकमसांडी एवं कटकमदाग | |
| | | श्री संजीव उरांव प्रशाखा – सदर, हजारीबाग। मो0 नं0–7632931408 | प्रखण्ड–सदर एवं दारू | |
| | | श्री मणिकांत महतो प्रशाखा–चुरचू मो0 नं0–6203234498 | प्रखण्ड– चुरचू एवं डाडी, | |
| 2 | श्री चन्द्रिका राम, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0–02, हजारीबाग मो0–8789356527 | श्री अरूण कुमार प्रशाखा–ईचाक मो0 नं0–7295921997 | प्रखण्ड– ईचाक | |
| | | श्री प्रदीप तिर्की प्रशाखा–बड़कागॉव, मो0 नं0–7856880117 | प्रखण्ड–बड़कागॉव एवं केरेडारी, | |
| | | श्री दिनेश एक्का प्रशाखा–विष्णुगढ़ मो0 नं0–8084495895 | विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया | |
| 3 | श्री निखिल कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल बरही, हजारीबाग मो–8076635024 | श्री अभिजीत कुमार प्रशाखा–बरकट्ठा, मो0 नं0–6202424160 | प्रखण्ड– बरकट्ठा एवं चलकुशा | |
| | | श्री विमल कुमार प्रशाखा–बरही मो0 नं0– 7739042466 | प्रखण्ड–बरही, चौपारण एवं पदमा | |

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 350557 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)




# आइएसएसएफ विश्व कप : सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लीमा (पेरू) में चल रही आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की सुरुचि इंदर सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक मुकाबले में सुरुचि-सौरभ की जोड़ी ने चीन की कियानसुन याओ और काई हू की जोड़ी को 17-9 के अंतर से पराजित किया। दोनों भारतीय निशानेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य भेदा और खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में भारत की मनु भाकर और रविंदर सिंह की जोड़ी को चीनी निशानेबाजों चियानके मा और यीफान झांग के हाथों 6-16 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को 18 वर्षीय सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस स्पर्धा में उन्होंने अपनी सीनियर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

# चर्म और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ 20 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 20 अप्रैल दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।
अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –01/2025–26

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 24.04.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 25.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 25.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage w ork for Mess Operator at Boy's Hostel No -07 RIMS Campus Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 886790.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 2. | Construction of Toilet & Bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings, sewerage work for Mess Operator at Girls's Hostel No -06 RIMS Campus Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 887646.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Month |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा, राँची।

PR 350609 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# बैंक अधिकारी बनकर केवाइसी अपडेट करने के नाम पर करता था ठगी, साइबर ठग गिरफ्तार

## आरोपित के पास से तीन मोबाइल फोन और पांच सिमकार्ड बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



गिरफ्तार ठग की जानकारी देते साइबर डीएसपी संजीव कुमार एवं अन्य।

**धनबाद।** साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए धनबाद साइबर पुलिस ने एक और साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर केवाइसी अपडेट करने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी जीतू रविदास नामक आरोपी को पुलिस ने कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बर डंगाल गांव से गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने दी। वे गुरुवार को आयोजिस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जीतू रविदास फोन पर खुद को बैंक अधिकारी बताकर केवाइसी अपडेट ना होने की बात कहकर लोगों से उनकी बैंक जानकारी हासिल कर लेता था। इसके बाद उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा लेता था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। जांच में पता चला है कि जिन सिम कार्ड का इस्तेमाल वह करता था, उनके खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर ठगी से संबंधित शिकायतें दर्ज हैं।

### उत्तरप्रदेश और बिहार में भी की है ठगी

**पुलिस की ओर से की गई जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से 49,980 रुपये और बिहार के एक अन्य व्यक्ति से 37,873 रुपये की ठगी की थी। एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार जीतू रविदास धनबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बर डंगाल का रहने वाला है। वह काफी समय से साइबर ठगी में संलिप्त था। पुलिस का कहना है कि ऐसे साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।**

### हाल ही में सेक्सटॉर्शन का हुआ था खुलासा

झारखंड सरकार के प्रतिबिंब पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी आई है। इस साल धनबाद साइबर पुलिस एक दर्जन से अधिक साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हाल ही में सेक्सटॉर्शन के मामले में एक पुरुष और तीन महिलाओं को भी जेल भेजा गया है।

## प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडेय ने संभाला पदभार



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के सिविल जज सीनियर डिविजन सह प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण किया। बतातें चलें कि राज कुमार पांडेय इससे पहले रांची व्यवहार न्यायालय में थे, जिनका स्थानांतरण तेनुघाट में किया गया। वहीं, तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार का स्थानांतरण हो गया है। इस मौके पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बंद आवास पर फिर कब्जे की कोशिश, जम कर हुआ हंगामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** माइंस रेस्क्यू स्टेशन परिसर स्थित बंद आवास संख्या 2/35 पर अवैध कब्जे को लेकर एक बार फिर से जमकर हंगामा हुआ। माइंस रेस्क्यू सुपरीटेंडेंट पी आर मुखर्जी की शिकायत पर मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने आवास परिसर से एक बाइक जब्त कर थाने ल गयी। इस बाबत माइंस रेस्क्यू सुपरिंटेंडेंट पीआर मुखर्जी ने बताया कि उक्त आवास में इससे पहले भी चार अप्रैल को राजशेखर नामक युवक ने बंद आवास का ताला तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया था। आवास रेणू सरकार के नाम से आवंटित है, जो किसी पुलिस केस में फरार है। आवास पर कब्जा की सूचना पर माइंस रेस्क्यू कर्मियों के विरोध और पुलिस के पहुंच जाने के बाद उक्त युवक अपना बाइक आवास परिसर में ही छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस की उपस्थिति में प्रबंधन ने आवास के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया था। वहीं, कुछ दिन से उक्त युवक का आवास में आने जाने की चर्चा क्षेत्र में हो रही थी। खबर लगाने पर मालूम हुआ कि उक्त युवक ने प्रबंधन का ताला तोड़ ठीक उसी तरह का दूसरा ताला लगा दिया था। आज प्रबंधन को सूचना मिली कि उक्त युवक आवास में आया है। आवास से अपना बुलेट निकाल कर क्षेत्र में घूम रहा है । जब प्रबंधन मौके पर पहुंची तो बुलेट आवास के गेट के बाहर खड़ा मिला, जबकि ताला बदली किया गया हुआ है। तत्काल प्रबंधन ने झरिया पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही झरिया पुलिस मौके पर पहुंच गयी और बाइक को जब्त कर थाने ले आई। हालांकि आरोपित युवक घटनास्थल से फरार हो गया। प्रबंधन ने उसकी शिकायत झरिया थाने में की है। लगे हाथ आवास की चौकसी भी बढ़ा दी है।

## न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स में अक्षय तृतीया को लेकर आभूषणों पर आज से भारी छूट



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स ने गुरुवार को अक्षय तृतीया को लेकर एक धमाका ऑफर की घोषणा की है। इसके तहत 22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रतिदिन दिन के भाव पर प्रति 10 ग्राम पर 6000 रुपए की भारी छूट दे रही है। यानी आज के भाव 89900 रुपए प्रति 10 ग्राम ऑफर रेट 83900 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। जबकि डायमंड के आभूषणों की खरीद पर 100 फीसदी मेकिंग चार्ज मुफ्त रखा गया है। वहीं, चांदी के आभूषणों के मेकिंग चार्ज में 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। ग्रहरत्न पर 20 फीसदी की छूट दी जा रही है। एचयूआईडी हॉलमार्क के सारे आभूषण उपलब्ध है। यह ऑफर सिर्फ तीन दिनों (18 से 20 अप्रैल) तक के लिए है। न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स में भारत सरकार की ओर से प्रमाणित 100 फीसदी हॉलमार्क सोने के गहने आकर्षक डिजाइनों के साथ उपलब्ध है। न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स अब गोविंदपुर में भी उपलब्ध है, जहां कैरेटोमीटर की मदद से सोने की शुद्धता महज 30 सेकेंड में जांच कर सकती है। संचालक आयुष गोयनका ने कहा कि न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स 22 कैरट हॉलमार्क शुद्ध सोने के आभूषण बेहद सस्ते दर में दे रहा है। इसकी शाखा गोविंदपुर के जीटी रोड स्थित शिवशंभू प्लाजा में स्थित है। वहीं, संचालक चेतन गोयनका ने कहा कि आभूषण बेचना ही नहीं, बल्कि रिश्तों को कायम रखना एवं ग्राहकों की संतुष्टि ही न्यू चेतन ऑर्नामेंट्स का उद्देश्य रहा है।

## गांधीनगर तीन नंबर में आंधी-पानी से गिरा पेड़, घर क्षतिग्रस्त



**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत गांधीनगर तीन नंबर दुर्गा मंडप के समीप गुरुवार की दोपहर आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश होने के कारण केदार कोल और सीसीएल कर्मी स्व कपिल कोल के घर पर बरगद का बड़ा पेड़ गिर गया। इससे घर और बिजली के तार सहित गैराज में खड़ी स्कॉर्पियो भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हालांकि पेड़ गिरने से किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी है। इसकी जानकारी मिलने के बाद बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार गांधीनगर तीन नंबर पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। बीडीओ ने कहा कि क्षति का आकलन किया गया है। संयोग से एक बहुत बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य संतोष महतो, कांग्रेसी नेता फूलचंद महतो आदि मौजूद थे।

## झीझी पहाड़ी और निचितपुर पंचायत-1 का बीसीसीएल अधिकारियों ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** विस्थापित संघर्ष मोर्चा के पूर्व निर्धारित मांगों को लेकर गुरुवार को बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या 4 के भू संपदा प्रबंधक उमेश वर्मा, क्षेत्रीय अभियंता विकाश कुमार सहित बीसीसीएल प्रबंधक की टीम झीझी पहाड़ी पंचायत और निचितपुर-1 नंबर पंचायत पहुंची। इस दौरान खेती के लिए बिजली एवं पानी को ले कर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह आजसू के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो ने बताया कि पूर्व के मांगों को लेकर झीझी पहाड़ी पंचायत एवं विस्थापित गांव न्यू केशलपुर, और न्यू कांटा पहाड़ी का बीसीसीएल द्वारा खेती के लिए पानी एवं बिजली को लेकर निरीक्षण किया गया जिसमें न्यू केशलपुर न्यू कांटा पहाड़ी में बीसीसीएल का विद्युत तार, पोल ट्रांसफार्मर लगाने और पुनर्वास की बात हुई। साथ ही 500 मीटर का सड़क निर्माण कोभर डैम भी बनाने की बात हुई। जिससे यहां के किसानों और विस्थापितों को लाभ मिलेगा। मौके पर झीझी पहाड़ी के मुखिया प्रतिनिधि गणेश महतो, पूर्व उप मुखिया सतीश महतो, शकर महतो, अमित दुबे, कार्तिक महतो, वीरू महतो, उत्तम बाउरी और उपेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

GOVT. OF JHARKHAND
CABINET SECRETARIAT AND VIGILANCE DEPARTMENT
(CIVIL AVIATION DIVISION)
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD,
HINOO, RANCHI-834002
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com
Telefax:- 0651-2250319, 2251090

Ref. No.-246, Date:-17/04/2025

CORRIGENDUM

Please refer to Tender Reference No.-CADsec1/01-PLAN-18/2022/Cabinet/232, Dtd.-11.04.2025 and PR no.-350137, regarding Tender For Hiring of One Air Ambulance On Wet Lease For Government Of Jharkhand.

The Pre-bid meeting related to the above tender is hereby further extended as per the following schedule :-

| | |
|---|---|
| Pre-bid meeting :- | 26/04/2025 ; 11:30 AM |

All other Schedule of events and Terms & Conditions shall however remain same as thereof published earlier.

*Note:- Please visit the website jharkhandtenders.gov.in for further updates.*

Sd/-
(Capt. S. P. Sinha)
Director (Ops.)

PR 350573 Civil Aviation(25-26).D

## रेलवे की ओर से नागरिकों के लिए रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के सभी नागरिकों के लिये हिंदी में रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। रेलकर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के साथ ही उनमें हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में आठ हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में छह हजार रुपये के अलावा पांच लोगों को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 4-4 हजार रुपये की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। रेल यात्रा वृतान्त हिन्दी भाषा में और मौलिक होना चाहिए। न्यूनतम 3000 एवं अधिकतम 3500 शब्दों का होने चाहिये। रेल यात्रा वृतान्त डबल स्पेश में टाइप किया हुआ और चारो तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ एवं पृष्ठ संख्या अंकित होना चाहिये। इसके साथ ही शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृतान्त के प्रारंभ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर, ई-मेल और वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये। इस योजना में भाग लेने के इच्छूक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय की घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ ना तो कोई आपराधिक मामला चल रहा है और ना ही किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं।

## समस्याओं को ले बिजखामसं ने जीएम से की वार्ता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार जनता खान मजदूर संघ (बिजखामसं) ने बिजली, पानी और मजदूरों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को केंद्रीय उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में सिजुआ महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद से वार्ता की। इसमें संगठन के लोगों ने तेतुलमारी के जीरो सीम, हनुमान गढ़ी में जर्जर तार बदलने, लो वोल्टेज समस्या समाधान करने, जीरो सीम में खदान का पानी बंद होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने, बांसजोड़ा में ओबी डंपिंग से उड़ रहे धूलकण पर रोक लगाने, तेतुलमारी कोलियरी के मजदूरों की पदोन्नति करने आदि मांग की।

## दर्जनों लाभुकों के बीच बकरी-चूजे का वितरण



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत गुरुवार को बकरी और चूजे का वितरण बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं अंचल अधिकारी आफताब आलम ने संयुक्त रूप से किया। वहीं गोमिया प्रखंड मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 10 लाभुको के बीच चार बकरी एवं एक बकरा एवं 12 लाभुकों के बीच चूजे का वितरण गोमिया के बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार, जिला परिषद सदस्य आकाश लाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा पांच लाभुकों के बीच सूकर का भी वितरण किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने लाभुकों से कहा कि पशुधन स्वरोजगार के लिए बकरी-चूजा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसकी देखरेख और हिफाजत उन्हें खुद करनी है। यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो वे प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार से संपर्क कर उचित सलाह ले सकते हैं। यह भी कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ उन्हें स्वावलंबी बन सकता है।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई-निविदा (अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)

निविदा संख्या – 02/2025–26 दिनांक 16.04.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | भण्डरा | टेम्पो स्टैण्ड भण्डरा में यात्री शेड एवं शौचालय का मरम्मति कार्य | 299900.00 | 750.00 | 6000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | भण्डरा | भण्डरा | डाकबंगला भण्डरा का मरम्मति कार्य | 932700.00 | 1250.00 | 18700.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | मनहो | मनहो स्थित दुकान का मरम्मति कार्य | 248200.00 | 500.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.04.2025
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 28.04.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 29.04.2025/11:00 बजे पूर्वाह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं ।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 350561 Lohardaga (25-26)_D

## हमले के बाद धरने पर बैठे मीडियाकर्मी

### पहुंचे विधायक, उठी 'पत्रकार सुरक्षा कानून' लागू करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन करते मीडियाकर्मी।

**धनबाद।** पत्रकारों पर हुए हमले के विरोध में धनबाद के पत्रकारों ने रणधीर वर्मा चौक पर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकारों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। सरकार से मांग है कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर 'पत्रकार सुरक्षा कानून' लागू होनी चाहिए। कहा कि बुधवार की घटना को लेकर हमलावरों के खिलाफ धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। 24 घंटे के भीतर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पत्रकार 19 अप्रैल को नये समाहरणालय भवन के समक्ष भी धरना देंगे। इसके बाद एक दिन का भूख हड़ताल भी होगा। इस दौरान धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, उनके पुत्रों और भाइयों द्वारा पत्रकारों पर किए गए हमले निंदनीय है। पुलिस अगर 24 घंटे के अंदर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो पत्रकारों का आंदोलन और उग्र होगा। चरणबद्थ आंदोलन चलाया जाएगा। कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष इस तरह का कुकृत्य करता है, जो निंदनीय है। इसे लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी पत्र प्रेषित किया जाएगा और धनबाद के कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी पर अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया जाएगा। बतातें चलें कि कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी के पुत्र, उनके भाइयों और पार्टी के दूसरे गुट के बीच मारपीट हो गयी थी। जिसका कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों पर भी हमला कर दिया गया। उनके मोबाईल फोन छीन लिये गए थे। उक्त घटना से पत्रकारों में काफी उबाल है। दूसरी ओर, पत्रकारों के समर्थन में इस दिन विधायक राज सिन्हा भी धरनास्थल पर पहुंचे और हमले की घोर निंदा की।

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ
रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिन कोड– 829122
ई–मेल:– ese.ramgarh@gmail.com, Phone no:- 06553-231987

सूचना

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नियर मिडिल स्कूल, बारलोंग | रामगढ़ | 21.04.2025 |
| 2 | पालू | पतरातु | 21.04.2025 |
| 3 | टेरपा | पतरातु | 22.04.2025 |
| 4 | दोहाकातु, पंचायत भवन | रामगढ | 22.04.2025 |
| 5 | चिकोर गाँधी चौक | पतरातु | 23.04.2025 |
| 6 | घाटो | माण्डु | 23.04.2025 |
| 7 | महेश होटल लारी | दुलमी | 24.04.2025 |
| 8 | कोडी बाजार टांड | पतरातु | 24.04.2025 |
| 9 | कुल्ही चौक | चितरतपुर | 25.04.2025 |
| 10 | बरगाँव | माण्डु | 26.04.2025 |
| 11 | चरही | माण्डु | 28.04.2025 |
| 12 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा | रामगढ़ | 28.04.2025 |
| 13 | दुलमी बाजार | दुलमी | 28.04.2025 |
| 14 | संग्रामपुर | गोला | 29.04.2025 |
| 15 | मगनपुर गोला | गोला | 30.04.2025 |
| 16 | हेसला, ईल्सा गैस एंजेसी | रामगढ़ | 30.04.2025 |
| 17 | मांडू | मांडू | 30.04.2025 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

PR 350590 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

### सड़क परिवहन मंत्री ने ग्लोबल स्किल्स सेंटर और प्रयोगशाला का दौरा किया

# ओड़िशा आनेवाले दिनों में कौशल विकास के क्षेत्र में विशेष पहचान हासिल करेगा: गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, जो ओड़िशा के एक दिवसीय दौरे पर हैं, उन्होंने भुवनेश्वर में विश्व कौशल केंद्र का दौरा किया। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि यह केंद्र ओड़िशा के युवाओं के कौशल विकास में विशेष भूमिका निभा रहा है और उन्हें औद्योगिक रूप से उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने इस अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए राज्य सरकार की प्रशंसा की। विश्व कौशल केंद्र पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री गडकरी का मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्वागत किया। बाद में उन्होंने वर्टिकल ट्रांसपोर्टेशन, ट्रैवेलेटर और एस्केलेटर प्रयोगशाला के साथ-साथ ऑटोमेशन और बेसिक रोबोटिक्स लैब और एडवांस वेल्डिंग में उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विश्व कौशल केंद्र के छात्रों और प्रशिक्षकों से बातचीत की। इस कार्यक्रम में माननीय कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री सम्पद चंद्र स्वाइं उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। ओडिशा आने वाले दिनों में कौशल विकास के क्षेत्र में विशेष पहचान हासिल करने जा रहा है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने विश्व कौशल केंद्र में केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद अपराजिता षड़ंगी, खोरधा के माननीय विधायक प्रशांत जगदेब, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव भूपेंद्र सिंह पुनिया, ओड़िशा कौशल विकास प्राधिकरण और वर्ल्ड स्किल सेंटर के सीईओ रश्मिता पंडा, वर्ल्ड स्किल सेंटर की मुख्य कौशल अधिकारी ब्रूस पोह और सीओओ पिनाकी पटनायक उपस्थित थे। अन्य लोगों के अलावा, विश्व कौशल केंद्र के अध्यक्ष टी थंबीराजा और उपाध्यक्ष जीतमित्र सतपथी प्रमुख उपस्थित थे।







# कैफे में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के खंडगिरी इलाके में आज दोपहर एक कैफे में आग लग गयी, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी। सूत्रों ने बताया कि खंडगिरी स्थित सीक्रेट प्राइवेट कैफे में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी, जबकि कुछ ग्राहक कई कर्मचारियों की मौजूदगी में पार्टी कर रहे थे। आग की घटना के बारे में बात करते हुए कैफे के मालिक ने कहा कि आग शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी। कैफे अभी कुछ समय के लिए बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि जब आग लगी, तब वहां पार्टी चल रही थी। हालांकि, हम सभी को बचाने में कामयाब रहे। आग तुरंत फैल गयी क्योंकि वहां प्लाईवुड सहित कई ज्वलनशील वस्तुएं थीं। हमने आग बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन यह हमारे नियंत्रण से बाहर होने के कारण हमने दमकलकर्मियों को बुलाया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई ऑक्शन सूचना सं.**
**PMBJK-DHN-02-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए धनबाद मंडल के धनबाद स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJK) के लिए ई ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :– **क्र.सं. 1 ठेके का प्रकार :** PMBJK, **लॉट संख्या :** PMBJK-DHN-DHN-PMBJK-1-25-1, **स्टेशन :** धनबाद, **श्रेणी :** सामान्य, **जगह :** सर्कुलेटिंग एरिया, **सभी लॉट के लिए ई– नीलामी की तारीख और समय :** 30.04.2025 15:00 बजे से.
**Catalogue No:-** PMBJK-DHN-02-25
Website: **www.ireps.gov.in**
**Note - (1)** The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. **(2)** Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non refundable) Oline submission of one time registration is required and also having current account linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. **(3)** Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal (**www.ireps.gov.in**)

स.वा.प्र., पू.म.रेल, धनबाद
पीआर/0102/डीएचएन/वा./एन/25–26/40


























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**